CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

मेरठ, बुधवार 11 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 252 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी : अखिलेश पेज 2



पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला लिया वापस खेल टाइम्स



मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका सम्पादकीय



शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अब एआई-जनित सामग्री की देनी होगी स्पष्ट जानकारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि ये प्लेटफॉर्म एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट रूप से लेबल (वाटरमार्क) लगाएं। ऐसी सामग्री में पहचान के लिए संकेत जरूर होने चाहिए। सरकार ने कहा कि एक बार एआई लेबल या मेटा डाटा लगाने के बाद उसे हटाया या दबाया नहीं जा सकता। सरकार ने कहा कि अब मानव निर्मित या कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी को स्पष्ट रूप से पहचान योग्य लेबल के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। इसमें ऑडियो, वीडियो, फोटो या ग्राफिक सहित किसी भी डिजिटल सामग्री को शामिल किया गया है, जिसे कंप्यूटर या किसी संसाधन से बनाया गया, संशोधित किया गया या बदला गया हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी यूजर ऐसी सामग्री का गलत इस्तेमाल न करे। अगर कोई यूजर गैरकानूनी, अश्लील, धोखाधड़ी या बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री बनाए या साझा करे, तो प्लेटफॉर्म्स उसे रोकने के लिए स्वचालित तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

### दिल्ली में एक्यूआई 267 के साथ खराब श्रेणी में पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 267 के साथ 'खराब' श्रेणी में पहुंच गया। राजधानी के कई हिस्सों में मंगलवार सुबह धुंध की एक परत दिखाई दे रही थी, जबकि आनंद विहार, बवाना और नरेला जैसे इलाकों में एक्यूआई 'बहुत खराब' बताया गया, जिससे सेहत को लेकर नई चिंताएं बढ़ गईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के मुताबिक मंगलवार सुबह एक्यूआई सोमवार की 206 से काफी ज्यादा था। सुबह करीब सात बजे, दिल्ली का औसत एक्यूआई 267 था। सबसे ज्यादा प्रभावित जगहों में, आनंद विहार में एक्यूआई 317 दर्ज किया गया, जबकि बवाना में 333 रिकॉर्ड किया गया और यह राजधानी के सबसे वायु प्रदूषित इलाके हैं।

### मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी। उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं।

# हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम व सीपीआई के नेताओं ने याचिका की दायर

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। वीडियो में मुख्यमंत्री मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। निजाम पाशा ने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं।

## कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा, यही है असली बीजेपी, सामूहिक हत्यारे

■ यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी

कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं? वीडियो वायरल होने के बाद संगठन के प्रभारी कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इस मुद्दे पर बीजेपी की आलोचना की।

वेणुगोपाल ने एक्स पर कहा कि एक आधिकारिक बीजेपी हैंडल ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अल्पसंख्यकों की टारगेटेड, प्वाइंट-ब्लैंक हत्या दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यह नरसंहार का आह्वान करने के अलावा और कुछ नहीं है। एक ऐसा सपना जिसे यह फासीवादी शासन दशकों से पाले हुए है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 27 जनवरी को कहा था कि राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में 4 से 5 लाख मियां मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि हिमंता बिस्व सरमा और भाजपा सीधे तौर पर मियां समुदाय के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों से मियां समुदाय को परेशान करने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम नहीं छोड़ेंगे। मियां बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अपमानजनक शब्द है। असम सीएम के मुताबिक वे मूल निवासियों के संसाधनों, नौकरियों और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। तिनसुकिया जिले के डिगबोई में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से सरमा ने कहा वोट चोरी का मतलब यह है कि हम कुछ मिया वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं। आदर्श रूप से उन्हें असम में वोट डालने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, बल्कि बांग्लादेश में वोट देना चाहिए।

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर, लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99

प्रस्ताव पर फैसला होने तक सदन में नहीं आएंगे स्पीकर ओम बिरला, नौ मार्च को चर्चा की संभावना

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया है। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99 है। विपक्ष के लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध दायर इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में लगाए गए आरोपों की जांच होगी। नियमों के अनुसार जांच प्रक्रिया के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्यवाही को लेकर सचिवालय विचार करेगा। सूत्रों के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का यह नोटिस श्री बिरला को पद से हटाने के लिए अनुच्छेद 94(सी) के तहत दिया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वह सदन की कार्यवाही पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि वह सत्ता पक्ष के सदस्यों को पर्याप्त समय सदन में बोलने का देते हैं, जबकि विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने का मौका तक नहीं दिया जाता है और बार-बार और अनावश्यक रूप से उन्हें रोका तथा टोका जाता है। इसमें दो -शेष पृष्ठ दो पर

### अविश्वास प्रस्ताव में हुई बड़ी चूक

#### 2026 की जगह लिखा 2025

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्ष की कोशिश उस समय अटक गई, जब प्रस्ताव के नोटिस में तकनीकी खामियां पाई गईं। नोटिस में वर्ष 2026 की जगह बार-बार 2025 लिखा गया था, जिसे गंभीर प्रक्रियागत चूक माना गया। इसके बाद कांग्रेस को संशोधित नोटिस के साथ प्रस्ताव दोबारा जमा करना पड़ा। प्रक्रियागत नियमों के अनुसार, ऐसे किसी भी प्रस्ताव में सभी जानकारियों का सटीक और तथ्यात्मक रूप से सही होना अनिवार्य होता है। साल की गलती सामने आने के बाद नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया, जिससे विपक्ष को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि हाल ही में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए एक प्रस्ताव को भी तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया था।

# पेंग्विन रैंडम हाउस ने कहा: अभी प्रकाशित नहीं हुई नरवणे की किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में चल रहे जनरल मनोज नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स टॉफ डेस्टिनी' से जुड़े विवाद के बीच पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि उसके पास इस किताब के प्रकाशन अधिकार हैं और उसने अब तक इसे किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं किया है।

प्रकाशक ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल नरवणे का संस्मरण डिजिटल रूप या प्रिंट रूप में न तो जनता के सामने रिलीज़ किया गया है, न बेचा गया है और न ही वितरित किया गया है। पीआरएचआई ने चेतावनी दी कि किताब का प्रिंट या पीडीएफ स्वरूप साझा करना उसके कॉपीराइट का उल्लंघन होगा। प्रकाशक ने कहा कि वह बिना इजाज़त के इस पुस्तक का वितरण करने वालों के खिलाफ़ उचित कानूनी कार्रवाई करेगा। बयान में कहा गया कि अपनी स्थिति साफ करने के लिए स्पष्टीकरण रिकॉर्ड में रखा जा रहा है। यह विवाद पिछले हफ्ते तब शुरू हुआ, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में हिस्सा लेते हुए अपने भाषण के -शेष पृष्ठ दो पर

### किताब पर जनरल नरवणे की पहली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर संसद में गतिरोध जारी है। इसी बीच पूर्व सेना प्रमुख ने विवाद पर विराम लगा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किताब से संबंधित प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया के आधिकारिक बयान को रीपोस्ट किया। इससे पहले प्रकाशन ने कहा था कि कंपनी द्वारा पुस्तक की कोई भी प्रति मुद्रित या डिजिटल रूप में प्रकाशित, वितरित, बेची या किसी अन्य तरीके से जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है।



### मुझे लगता है जनरल नरवणे सही बोल रहे हैं : राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के प्रकाशन को लेकर भ्रम की जो स्थिति सामने आई है उसमें सही वही लगता है जो जनरल नरवणे कह रहे हैं। श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कहते हैं कि किताब छपी है और इसे ऑफलाइन खरीदा जा सकता है जबकि पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन इसके प्रकाशन से इन्कार करता है। दुविधा की इस स्थिति में उन्हें लगा है कि पूर्व सेना प्रमुख सही बोल रहे हैं।

## सम्भल प्रकरण: एएसपी अनुज चौधरी को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

■ कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी मिली राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की सीजेएम अदालत द्वारा एएसपी अनुज चौधरी समेत पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने तत्कालीन कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी राहत प्रदान की है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने 9 जनवरी को पारित संभल सीजेएम न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता यामीन से दोनों याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई पांच सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत एएसपी अनुज चौधरी सहित 20 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

## असम में फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित, 2.43 लाख नाम कटे

■ राज्य में अब 2.49 करोड़ वोटर्स, असम में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं

**गुवाहाटी।** चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को असम में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) 2026 के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी।

ईसी के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। अब राज्य में कुल 2,49,58,139 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के बाद लिस्ट में 2,43,485 नाम हटाए गए हैं। अब फाइनल लिस्ट में 1,24,82,213 पुरुष, 1,24,75,583 महिलाएं और 343 थर्ड-जेंडर शामिल हैं। स्पेशल रिवीजन की इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 27 दिसम्बर 2025 को पब्लिश हुई थी। इस पर 27 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां करने का समय था। असम की 126 विधानसभा सीटों पर अगले तीन महीनों में चुनाव होने हैं। असमें 22 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2025 तक पूरे राज्य में घर-घर (एच2एच) वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया था। इससे पहले चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की टाइमलाइन में बदलाव करते हुए फाइनल पब्लिकेशन की तारीख 14 फरवरी 2026 तक बढ़ा दी थी।

## मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोगों की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा : एसएसपी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के महावन क्षेत्र स्थित खप्परपुर गांव में मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर से बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान किसान मनीष, उनकी पत्नी सीमा और उनके तीन बच्चों के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, सुबह काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं निकला तो मनीष के भाई सुधीर को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर बेड पर मां और दो बच्चों के शव पड़े थे, एक बेटी का शव चारपाई पर मिला, जबकि मनीष का शव फर्श पर पड़ा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार आशंका है कि मनीष ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर सोते हुए तीनों बच्चों का गला घोंट दिया और अंत में स्वयं करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस को घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। कमरे की दीवार पर एक सुसाइड नोट लिखा मिला है, जिसमें मनीष और सीमा द्वारा अपनी मर्जी से जान देने की बात कही गई है और पुलिस से किसी को परेशान न करने का अनुरोध किया गया है। एक कागज पर भी कथित सुसाइड नोट मिला है। इसके अलावा मनीष के मोबाइल फोन से 48 सेकंड का एक वीडियो बरामद हुआ है, जिसमें उसने आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। हालांकि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस अन्य संभावित पहलुओं जैसे आपसी रंजिश या अन्य कारणों की भी गंभीरता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## यूजीसी नियमों ने उलझाई भाजपा की हिंदू एकजुटता की राजनीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नए नियमों ने रणनीति को झटका दिया, उप्र की राजनीति में नई असहजता पैदा कर दी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा बीते कुछ समय से हिंदू मतदाताओं को धर्म के आधार पर एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक रहेंगे तो नेक रहेंगे जैसे नारों के जरिये पार्टी जातिगत पहचान से ऊपर उठकर हिंदू वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास कर रही थी। हालांकि, केंद्र सरकार के अधीन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 2026 में जारी नए नियमों ने इस रणनीति को झटका दिया है और प्रदेश की राजनीति में नई असहजता पैदा कर दी है। यूजीसी के नए नियमों में उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष सुरक्षा प्रावधान किए गए। लेकिन इन नियमों में फर्जी शिकायतों पर दंड का स्पष्ट प्रावधान न होने से सामान्य वर्ग, खासकर अगड़े समाज में नाराजगी देखने को मिली। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि इन नियमों पर अंतरिम रोक लगा दी है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि तब तक नुकसान हो चुका है। नियमों को लेकर पैदा हुए असंतोष ने एक बार फिर हिंदू समाज के भीतर जातिगत विभाजन को उजागर कर दिया है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में भाजपा की चुनावी मजबूती ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ और भूमिहार जैसे वर्गों पर टिकी रही है। इन्हें पार्टी का कोर वोटर माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश की हवाई पट्टियों पर निगरानी मजबूत करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने देश की विभिन्न हवाई पट्टियों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती हवाई पट्टी पर हुए विमान हादसे में मौत के मद्देनजर मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम महत्वपूर्ण है। नायडू ने यहां मंगलवार को नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा, नागर विमानन महानिदेशालय में महा. निदेशक फैज अहमद किदवई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार और मंत्रालय तथा डीजीसीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में यह निर्देश दिया।

### सेशेल्स के राष्ट्रपति का आगरा दौरा रद्द

**आगरा।** सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डा. पैट्रिक हर्मिनी का मंगलवार को प्रस्तावित आगरा दौरा रद्द हो गया है। पुरातत्व विभाग के अनुसार राष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ ताजमहल का दीदार करने आगरा आने वाले थे, लेकिन आगमन से ठीक पहले कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं।

### पप्पू को बेल, लेकिन जेल में ही रहेंगे

**पटना।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने 31 साल पुराने मामले में जमानत दे दी है, लेकिन वे फिलहाल जेल में ही रहेंगे। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना और बुद्धा कॉलोनी थाने से जुड़े मामलों में पप्पू यादव को अभी जमानत नहीं मिली है। इन मामलों में बुधवार को सुनवाई होगी। तब तक पप्पू यादव पटना के बेऊर जेल में ही रहेंगे।

# यूपी में दिव्यांग पेंशन तीन गुना बढ़ी

## पात्र लाभार्थियों को मिलेगा सीधे लाभ: नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधान परिषद में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विभाग की सभी योजनाएं टॉनलाइन, पारदर्शी और दलाल-मुक्त व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभ मिल रहा है। नरेंद्र कश्यप ने सदन को बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्ष 2011 में चयनित जेटीसी ग्रेड शिक्षकों में से एलटी ग्रेड के 9 रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु 16 जुलाई 2025 को तथा एलटी ग्रेड से प्रवक्ता के 28 पदों के लिए 12 दिसम्बर 2022 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अध्याचन भेजा जा चुका है, जिस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना अनिवार्य है। यदि भविष्य में इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कश्यप ने बताया कि भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा रहे हैं। आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, 153 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन तथा 321 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का लाभ दिया गया है। 31 दिसम्बर 2025 तक कोई भी पात्र लाभार्थी लंबित नहीं है। वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले दिव्यांगजन एकीकृत सामाजिक पेंशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# देश में रहना है, तो कानून का पालन करना सीखें: योगी

**बाराबंकी, वार्ता**



■ बाबरी ढांचा फिर से नहीं बनेगा, कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कयामत की कामना करने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि न तो कोई कयामत आने वाली है और न ही बाबरी ढांचे का निर्माण फिर कभी होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में रहना है, तो कायदे से रहना सीखना होगा, क्योंकि कानून का पालन करने वाला ही लाभ में रहता है और कानून तोड़ने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री मंगलवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रुकने वाली नहीं है। यह सरकार जितना बोलती है, उतना ही करती है और उतना ही बोलती है जितना करने का संकल्प लेती है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वह दिन आने वाला नहीं है। बाबरी मस्जिद अब कभी नहीं बनेगी और सरकार अपनी विरासत को निरंतर सशक्त करती रहेगी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में गौरवपूर्ण क्षण आया। कई सरकारें आईं और गईं, अनेक राजा-महाराजा हुए, लेकिन राम मंदिर का निर्माण नहीं हो सका। आज यह कार्य संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा, ष्राम सबके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग अवसरवादी रवैया अपनाते हुए संकट के समय राम को याद करते हैं और शेष समय उन्हें भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को अब आत्मचितन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कयामत की प्रतीक्षा करने के बजाय हिदुस्तान में कानून का पालन करना सीखें। कानून मानेंगे तो लाभ में रहेंगे, अन्यथा कानून तोड़ने वालों का भविष्य अंधकारमय होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतवासी का ध्येय 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' होना चाहिए। देश वैभवशाली और विकसित बने, यही सरकार का लक्ष्य है।

### प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया है, जिनका जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा। फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हुआ। वे दूसरी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। योगी ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार स्वभाव के और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे।

## खड़गे ने केंद्र पर संप्रभुता, किसानों एवं उद्योग से विश्वासघात का लगाया आरोप

# किसानों की पीठ में घोपा गया छुरा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जीएम पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ किसानों और पशु धन को नुकसान होगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के साथ हुए समझौते को 'ट्रैप डील' करार दिया और कहा कि इस समझौते की सच्चाई अब धीरे-धीरे सामने आ रही है और यह भारत के रणनीतिक, आर्थिक और कृषि हितों के खिलाफ है।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए आरोप लगाया कि रूसी तेल को लेकर भारत की रणनीतिक मामलों से समझौता किया गया है। उन्होंने इसे देश की संप्रभुता पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि किसानों के 'पीठ में छुरा' घोंपा गया है। पहली बार भारतीय कृषि को विदेशी उत्पादों के लिए पूरी तरह खोला गया है। व्हाइट हाउस के नए दस्तावेज में चुपचाप 'दालों' को शामिल किया गया, जो पहले संयुक्त बयान का हिस्सा नहीं थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने डेयरी क्षेत्र को लेकर भी चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिकी आनुवंशिक रूप से परिवर्तित (जीएम) पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ दुग्ध किसानों और देशी पशुधन को नुकसान होगा। उन्होंने परिधान उद्योग पर असर का जिक्र करते हुए कहा कि जहां भारत पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क थोपा गया, वहीं बंगलादेश को शून्य शुल्क का लाभ दिया गया। खड़गे ने सवाल किया कि यह जीत है या फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झूठी लोकप्रियता में लिपटी देशहित की कुर्बानी।

### भाजपा सांसद के 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर भड़के तृणमूल सदस्य

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के कोलकाता बंदरगाह के एक हिस्से पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए उसे 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और सदन के बीचों-बीच आकर नारेबाजी की। प्रश्नकाल शुरू होते ही भट्टाचार्य ने बालागढ़ लॉजिस्टिक्स परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए अंग्रेजी में अपना पूरक प्रश्न पूछा। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के बंगला भाषा में इसका जवाब देते हुए कहा कि यह परियोजना 900 एकड़ में होगी जिसमें कोलकाता के मौजूदा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह की 300 एकड़ जमीन भी शामिल है।

### विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि खेती से जुड़ी हर चीज़ विदेश से आएगी तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने कहा कि जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा। आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने देश के अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है।

# भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों के अनुपालन को लेकर सरकार प्रतिबद्ध: केशव मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को विधान परिषद में 2026-27 के बजट सत्र के दौरान स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार सरकारी सेवाओं में आरक्षण संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प पर पूरी तरह दृढ़ है। उन्होंने कहा कि आरक्षण नीति को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं है और सभी भर्तियां नियमों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से की जाएंगी।

उप मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि प्रदेश में सरकारी सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी एक वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है, बल्कि आरक्षित वर्ग का कोई भी पात्र अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में भी चयनित हो सकता है। केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा 30 दिसम्बर 2025 को शासनादेश जारी किया जा चुका है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84273.92
निफ्टी 25935.15



सोना 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 257567
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन रही तेजी

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200 अंक से अधिक के बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 84,273.92 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 67.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत ऊपर 25,935.15 अंक पर रहा। यह दोनों का 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है।

चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत चढ़ गया। टॉटो, मीडिया, धातु, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा जबकि फार्मा, स्वास्थ्य, रसायन और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील में भी करीब तीन फीसदी की तेज रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एलएंडटी, टीसीएस, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# चांदी और सोने की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। सोना 1,525 गिरकर 1,57,550 पर आ गया, चांदी भी 3,129 सस्ती होकर 2,57,567 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है। मंगलवार को खरीदारों और निवेशकों के लिए अच्छी खबर आई।

चांदी 4.20 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 1.63 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई है। वहीं सोना 1.94 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 37,000 रुपये से ज्यादा नीचे जा चुका है। अगर कोई भारतीय नागरिक एक साल से ज्यादा समय विदेश में रहा है, तो वह सीमित मात्रा में सोने के गहने बिना ड्यूटी भारत ला सकता है। पुरुषों के लिए यह सीमा 20 ग्राम और महिलाओं के लिए 40 ग्राम है। यानी पुरुष यात्री 20 ग्राम और महिला यात्री 40 ग्राम तक के सोने के गहने बिना किसी टैक्स यानी ड्यूटी फ्री ला सकते हैं। रीवा के सर्राफा व्यापारी लखनलाल खंडेलवाल कहते हैं कि सिर्फ विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि भारत में शादियां हो या कोई त्योहार हो, एक दूसरे को उपहार दिया ही जाता है। ऐसे मौके पर कई लोग सोना-चांदी जैसे मूल्यवान धातुएं तोहफे में देते हैं, लेकिन इन मेटल्स की कीमत बढ़ने के कारण अब लोग सोना चांदी खरीदने का प्लान कैंसिल करके दूसरे ऑप्शन (हीरा, प्लैटिनम, आभूषणों के अलावा अन्य उपहार) की तलाश कर रहे हैं। सोने चांदी की कीमतें बढ़ने के पीछे भू राजनीतिक तनाव का बढ़ना, फेड रेट कट की बढ़ती उम्मीद और मार्केट में बढ़ रही अनिश्चितताओं की स्थिति है। सोने के दाम बढ़ने के कारण मध्य और गरीब परिवारों के लिए सोना खरीदना महंगा हो गया है।

# चावल, चीनी, खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के भाव गत दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा चार रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की औसत कीमत 42 रुपये और उड़द दाल की 20 रुपये बढ़ गई। मसूर दाल 12 रुपये और मूंग दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम टॉयल का अप्रैल वायदा 63 रिंगिट टूटकर 4,097 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.49 प्रतिशत फिसलकर 56.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में वनस्पति की औसत कीमत 60 रुपये और मूंगफली तेल की 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम टॉयल 13 रुपये और सोया तेल 10 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल छह रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे, जबकि चीनी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**लोकसभा अध्यक्ष...**

फरवरी और तीन फरवरी का विवरण दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। विपक्ष के नोटिस में श्री बिरला के उस बयान को भी दिया गया है, जिसमें उन्होंने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नहीं आने का कारण बताया है। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल का है, जबकि दूसरे स्थान पर द्रमुक के टीआर बालू का और फिर समाजवादी पार्टी के धमेंद्र यादव का है। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिक आधार पर फैसला किया है कि वह अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे तक सदन में नहीं जाएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उनका यह कदम कांग्रेस की ओर से मंगलवार से उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बाद आया। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन के सचिव को निर्देश दिया कि वह उनके खिलाफ अविश्वास नोटिस की समीक्षा करें और उपयुक्त कार्रवाई करें। वहीं, भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि (लोकसभा में विपक्ष के नेता) राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। पात्रा ने कांग्रेस पर तमिलनाडु के जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना का आरोप भी लगाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि मंगलवार को दोपहर 1:14 बजे उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। सूत्रों के अनुसार, कुल 118 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने कहा कि विपक्ष के सांसदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी।

**पेंग्विन रैंडम...**

दौरान संस्मरण के कुछ हिस्सों का जिक्र किया, जिसे उन्होंने 'प्रिंट से पहले का' स्वरूप बताया। उनकी बातों का सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया, जिससे सदन में बार-बार रुकावट आई। इस मुद्दे पर कई बार रोक लगने के बावजूद, लोकसभा ने आखिरकार विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ध्वनि मत से धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज़ फोरम पर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की कथित प्रिंट-पूर्व संस्करण की मौजूदगी के बारे में चल रहे दावों पर ध्यान दिया है। विशेष सेल ने एक मामला दर्ज किया है, ताकि 'मंजूरी मिलने से पहले प्रकाशन के कथित वितरण' की जांच की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि इन दावों की असलियत जांच करने और कथित वितरण के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में 17.6 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों और अच्छी फसल के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 17.61 प्रतिशत बढ़कर 27,22,558 इकाई पर पहुंच गई। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में दुपहिया की बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 20.82 फीसदी बढ़कर 18,52,870 इकाई पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 5,13,475 इकाई रही, जो 7.22 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 15.07 प्रतिशत और तिपहिया की 18.80 प्रतिशत बढ़ी। देश में जनवरी में कुल 1,07,486 वाणिज्यिक वाहन और 1,27,134 तिपहिया वाहन बिके। ट्रैक्टरों की बिक्री 22.89 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,14,759 इकाई पर पहुंच गई। निर्माण उपकरणों की बिक्री में 21.09 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 6,834 इकाई दर्ज की गई। बिक्री बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान दुपहिया वाहनों का रहा। दुपहिया वाहनों की 56 प्रतिशत बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों में और 44 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में हुई।

# जानबूझकर अस्थिरता व भ्रम का माहौला बना रहा विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी के प्र्वक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को विशेष गहन पुनीरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वह संसद और संवैधानिक संस्थानों को लेकर देश में जानबूझकर अस्थिरता और भ्रम का माहौल बना रही है।

पात्रा ने मंगलवार को यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला आज का नहीं है, बल्कि जब से भाजपा-राजग की सरकार बनी है, तब से राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जॉर्ज सोरोस के इशारों पर उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक संस्थानों पर लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस और अब ममता बनर्जी एसआईआर को फर्जी बताकर भाजपा एवं भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ एक खास नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह प्रचार कर रहा है कि एसआईआर चुनावी सूची की शुचिंता के लिए नहीं, बल्कि भाजपा के राजनीतिक लाभ के लिए है और यह पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी है। पात्रा ने कहा कि बीते सप्ताह सुश्री ममता ने उच्चतम न्यायालय में दावा किया था कि एसआईआर के माध्यम से पश्चिम बंगाल में अत्याचार हो रहा है और इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया कि एसआईआर को रोका नहीं जाएगा, जिसे उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार के लिए करारा झटका बताया। उन्होंने कहा कि शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को और मजबूत करता है।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की ईपीएफ राशि खातों में जमा कराने की उठी मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 115 के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से की जा रही ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) कटौती की राशि कर्मचारियों के खातों में अनिवार्य रूप से जमा कराए जाने की मांग उठाई। उन्होंने इस विषय को लोक महत्व का बताते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि राज्य में आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग सेवा निगम बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी पूरे प्रदेश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण आम बात थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक पहल की है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ की कटौती तो नियमित रूप से की जा रही है, लेकिन संबंधित धनराशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही है। इस स्थिति से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे लगातार संबंधित विभागाध्यक्षों से शिकायत कर रहे हैं।

# लावड़ में बिना अनुमति चल रही फिल्म की शूटिंग

## राष्ट्रीय इंटर कॉलेज को बना दिया जिला कारागार, फिल्म में एक्टर राहुल देव बने हैं जेलर

- **स्थानीय पुलिस की शह पर हो रहा है शूटिंग का आयोजन, राहुल को देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में बीते तीन दिनों से हिंदी फिल्म रिमांड की शूटिंग राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में चल रही है जिसकी शासन प्रशासन से कोई भी अनुमति नहीं ली गई है। जबकि यह सरकारी स्कूल है जिसमें शासन प्रशासन के अलावा बीएसए की अनुमति भी जरूरी होती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कॉलेज के अलावा क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी फिल्म शूट होनी है। बताया जाता है कि सरकारी स्कूल का नाम हटाकर फिल्म के लिए जिला कारागार मेरठ लिखा गया है और फिल्म शूट करने वाले टीम को सदस्यों के साथ-साथ एक्टर राहुल देव भी यूपी पुलिस की वर्दी में जेलर के रूप में नजर आ रहे है वहीं दो दर्जन से अधिक लोग कैदी के रूप में भी नजर आ रहे हैं। राहुल देव को देखने के लिए मंगलवार को काफी संख्या में लोग राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पर पहुंच गए जब उन्हें बाउंसरों ने रोका तो उनकी जमकर नोंकझोंक हुई। इस दौरान हंगामा होते देख टीम के सदस्यों ने किसी तरह स्थिति को संभाला। अब सवाल ये बनता है कि ऐसी स्थिति में अगर हंगामा या कोई अभद्र व्यवहार होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। हालांकि कुछ देर के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और खानापूर्ति कर वापिस चली गई पुलिस के जाते ही फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू कर दी गई। इस दौरान कई बार स्थानीय लोगों ओर बाउंसरों के बीच तीखी झड़प भी देखने को मिली। वहीं इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि फिल्म शूटिंग की जानकारी मिली थी मौके पर पहुंचकर शूटिंग को रुकवा दिया गया है और आयोजकों को बिना अनुमति शूटिंग न करने की हिदायत दी गई है। बिना अनुमति शूटिंग नहीं होने दी जाएगी। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के लिए प्रशासन से अनुमति की उन्हे जानक. ारी नहीं है स्कूल में शूटिंग के लिए उनसे पूछा गया था तो उन्होंने शूटिंग के लिए बोल दिया था।

### स्कूल व पुलिस प्रशासन की शह पर स्कूल को बनाया जेल

सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते बिना अनुमति सरकारी संपत्ति पर फिल्म की शूटिंग कराई जा रही है। कुछ लोगों ने बताया कि स्थानीय पुलिस कुछ मिनट के लिए आई ओर महज खानापूर्ति कर चली गई अब सवाल ये बनता है कि अगर कोई व्यवस्था बिगड़ती है तो जिम्मेदार कौन होगा।



ऊपर कॉलेज पर लगा कारागार का बोर्ड व जेलर बनें राहुल देव।

# फलावदा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण मामले में पहुंचे अधिकारी बेरंग लौटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मेरठ की सीमा को मुजफ्फरनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए फलावदा संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। लेकिन मन्दवाड़ी गांव के कुछ लोगों द्वारा चौड़ीकरण के निर्माण कार्य रुका हुआ है। जिसके चलते उक्त रास्ते पर जल भराव हो गया और लोगों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में गांव के लोगों ने गत दिवस तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पूरा कराने व जल भराव से निजात दिलाने को मांग उठाई थी।



डीएम मेंरठ के आदेश पर मंगलवार को एडीएम ई, एसपी देहात अभिजीत कुमार, राजस्व विभाग की टीम व लोक निर्माण विभाग के एआइ रजनीश कुमार, जेई संदीप शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां सीओ पंकज लवानिया और थाना प्रभारी ब्रह्माकुमार त्रिपाठी भी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे पहले उक्त मार्ग का अधिकारियों ने पैदल चलकर निरीक्षण किया, उसके बाद ग्रामीणों से संवाद कर मार्ग में आ रही समस्या के निस्तारण का प्रयास किया। जहां गांव के ज्यादातर लोगों ने बताया कि गांव के कुछ लोग अपने घरों के आगे सरकारी नाली व चौड़ीकरण के कार्य का विरोध कर रहे हैं। जबकि ज्यादातर गांव के लोग मार्ग के चौड़ीकरण निर्माण कार्य आरंभ कराने के लिए अधिकारियों के आगे गुहार लगाई। जिसको लेकर काफी दिनों से निर्माण कार्य रुका हुआ है हालांकि कई बार ठेकेदार द्वारा कार्य करने का प्रयास किया गया। लेकिन मौके पर समाधान नहीं हुआ। दोपहर के समय कस्बे से आधा दर्जन से अधिक सरकारी अमले की गाड़ियां जब कस्बे से गुजरी तो लोगों को अनहोनी घटना की आशंका होने लगी। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। एडीएम प्रशासन ने मंदवाडी के दोनों पक्षों की समस्या सुनी। मसले का हल न निकलते देख पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी वापस लौट गए।

**नकली बैडशीट प्रकरण में आया नया मोड़**

# दूसरे राज्यों के व्यापारियों से बिगड़े संबंध ठगे गए व्यापारी मांग रहे हैं पैसे वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर और देहात क्षेत्र में बाम्बे डाइंग, डी-डिकोर समेत अन्य नामी कंपनियों के नाम पर तैयार की जा रही नकली ब्रांडेड बैडशीट के प्रकरण ने अब नया और गंभीर मोड़ ले लिया है। मामले के उजागर होने के बाद न सिर्फ स्थानीय स्तर पर हड़कंप मचा हुआ है, बल्कि दूसरे राज्यों के व्यापारी भी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हालात यह हैं कि सरधना के नकली बैडशीट कारोबार से जुड़े सफेदपोशों और बड़े कारोबा. रियों से बाहरी राज्यों के व्यापारी अब अपने पैसे वापस मांगने लगे हैं।




सूत्रों के अनुसार, जैसे ही नकली बैडशीट के इस संगठित नेटवर्क की खबरें सामने आईं, वैसे ही दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, आसाम, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हिमाचल, समेत देश के राज्यों के कई व्यापारियों ने सरधना के निर्माताओं और सप्लायरों से संपर्क साधना शुरू कर दिया। पीड़ित व्यापारियों का कहना है कि उन्हें नामी कंपनियों की असली बैडशीट बताकर नकली माल सप्लाई किया गया, जिससे उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। पूर्व में नकली बैडशीट माफियों ने उनसे मोटी रकम लेकर माल तैयार करने को कहा था, लेकिन मामला नकली निकलने के बाद दूसरे राज्यों के व्यापारी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहें है।

### असली के नाम पर नकली माल, करोड़ों का नुकसान

पीड़ित व्यापारियों का आरोप है कि सरधना से जो बैडशीट उन्हें भेजी गई, वे देखने में ब्रांडेड और उच्च गुणवत्ता की बताई गई थीं। पैकिंग, टैग और ब्रांड नाम इतने शातिराना तरीके से लगाए गए थे कि शुरुआती दौर में किसी को शक तक नहीं हुआ। लेकिन जैसे ही बाजार में शिकायतें बढ़ीं और जांच एजेंसियों की कार्रवाई सामने आई, पूरा सच उजागर हो गया। व्यापारियों का कहना है कि अब उनके पास जो स्टॉक बचा है, उसे खरीदने को कोई तैयार नहीं है। बाजार में नकली बैडशीट की चर्चा फैलने से उनकी साख पर बुरा असर पड़ा है और कई जगह पुराने ग्राहक भी उनसे किनारा करने लगे हैं। ऐसे में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### ठगे गए व्यापारी पैसे वापसी का बना रहे हैं दबाव

सूत्र बताते हैं कि ठगे गए व्यापारी अब सरधना के कारोबारियों पर लगातार दबाव बना रहे हैं कि उन्हें उनका पैसा लौटाया जाए। कुछ व्यापारियों ने साफ कह दिया है कि यदि रकम वापस नहीं की गई, तो वे कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपनाएंगे। इसको लेकर सरधना के नकली बैडशीट कारोबार से जुड़े कई लोगों में खलबली मची हुई है। बताया जा रहा है कि पहले जहां सरधना के इन कारोबारियों के साथ बाहरी राज्यों के व्यापारियों के मजबूत और भरोसेमंद संबंध थे, वहीं अब हालात पूरी तरह बिगड़ चुके हैं। फोन कॉल, लेन-देन और सप्लाई चेन में दरार आ चुकी है।

### साख पर संकट, भविष्य का कारोबार अधर में

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस नकली बैडशीट प्रकरण ने सरधना की व्यापारिक छवि को देशभर में नुकसान पहुंचाया है। ईमानदारी से व्यापार करने वाले लोग भी शक के दायरे में आ गए हैं। यदि समय रहते इस पूरे नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो इसका असर आने वाले समय में पूरे कपड़ा उद्योग पर पड़ेगा।

### कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं दूसरे राज्यों के व्यापारी

सूत्रों का दावा है कि कई पीड़ित व्यापारी अब दस्तावेज, बिल और लेन-देन के सबूत इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर पुलिस, जीएसटी विभाग और न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सके।

ऐसे में आने वाले दिनों में नकली बैडशीट प्रकरण में नए खुलासे और बड़ी कार्रवाई की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल, नकली बैडशीट का यह मामला केवल स्थानीय नहीं रहा, बल्कि अंतरराज्यीय स्तर पर बड़ा आर्थिक विवाद बन चुका है, जिसने सरधना के सफेदपोश कारोबारियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

# दो भाइयों ने किक बॉक्सिंग में किया फलावदा कस्बे का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में 4 से 8 फरवरी तक आयोजित 5वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप 2026 में भारत सहित 20 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जनपद के कस्बा फलावदा के सगे भाइयों अंश मकोडवाल और आदित्य मकोडवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन किया।



अंश मकोड़वाल ने 94 किग्रा वर्ग पॉइंट फाइटिंग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंश ने अपने पहले मुकाबले में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी को 12-2 से, दूसरे मुक. ाबले में तुर्की के खिलाड़ी को 8-5 से पराजित किया तथा फाइनल मुकाबले में पंजाब के खिलाड़ी को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं आदित्य मकोड़वाल ने 69 किग्रा वर्ग पॉइंट फाइटिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। आदित्य का फाइनल मुकाबला गाला फाइट के लिए चयनित हुआ। जिसमें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ 10 प्रो. फाइट्स शामिल होती हैं और विजेताओं को टाइटल बेल्ट व नकद पुरस्कार दिया जाता है। आदित्य ने पहला मुकाबला ओडिशा के खिलाड़ी को 13-7 से, दूसरा मुकाबला दिल्ली के खिलाड़ी को 12-4 से जीता। फाइनल में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के शीर्ष खिलाड़ी से हुआ, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद वह मात्र 3 अंकों से पराजित हुए। इस उपलब्धि के साथ आदित्य ने रजत पदक के साथ 200 यूरो नकद पुरस्कार भी अर्जित किया। इस अवसर पर अरविंद शेरवालिया महासचिव, किक बॉक्सिंग एसो. ने बताया कि दोनों खिलाड़ी सगे भाई हैं और विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। अंश मकोड़वाल तीन बार राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं, जबकि आदित्य मकोड़वाल पांच बार राष्ट्रीय चैंपियन हैं। आदित्य मकोड़वाल ने वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग 2026 (थाईलैंड) में कांस्य पदक, एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 (कंबोडिया) में कांस्य पदक तथा इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट 2023 (जॉर्डन) में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। वहीं अंश मकोड़वाल एशियन किक बॉक्सिंग चेंपियनशिप 2024 (कंबोडिया) के स्वर्ण पदक विजेता हैं तथा वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग 2024 (उज्बेकिस्तान) में दो कांस्य पदक जीत चुके हैं। किक बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने दोनों खिलाड़ियों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अन्य लोग भी रहे।

# नहर में कूदी महिला का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार की शाम को 35 वर्षीय एक महिला सिवाल खास गंग नहर में आत्महत्या करने के लिए कूद गई थी। राहगीरों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने लोकल गोताखोर की मदद से महिला की छानबीन की लेकिन कोई पता न चला राहगिरों ने बताया कि महिला पहले इधर-उधर टहलने लगी उसके बाद नहर में कूद गई। मंगलवार को एनडीआरएफ टीम ने सिवाल खास से निवाड़ी बॉर्डर तक सर्च अभियान चलाया। लेकिन महिला का कोई सुराग नहीं लगा।

# दोस्ती में ठगा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टीपी नगर निवासी एक युवक ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कोचिंग करते समय एक महिला प्रोफेसर से उसकी दोस्ती हो गई थी जिसके बाद महिला ने न केवल उससे शादी के फर्जी प्रमाण पत्र बनवा लिए बलकि उसे मृत दिखाकर पत्नी बनकर बैंक से उसके रूपये निकाल लिए जबकि वह युवक दिल्ली के एक सरकारी विभाग में सेवारत है। घटना की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है पुलिस जांच में जुटी है कि झोल कहा है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भाकियू किसान सभा की सरधना कार्यकारिणी ने भाकियू किसान क्रांति की ली सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** ग्राम पंचायत मिलक में किसान हितों को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक सभा का आयोजन किया गया। यह सभा चौधरी निखिल राव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न गांवों से आए संगठन के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।



सभा के दौरान भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) की समस्त सरधना कार्यकारिणी ने किसान हितों की लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय किसान यूनियन (किसान क्रांति) में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए संगठन की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम भारतीय किसान यूनियन (किसान क्रांति) के एनसीआर अध्यक्ष आसिफ खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। चौधरी निखिल राव को जिला अध्यक्ष, मेरठ, मजहर सैफी को जिला प्रभारी, मेरठ तथा हमजा गाजी को युवा मंडल अध्यक्ष, मेरठ मनोनीत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए एनसीआर अध्यक्ष आसिफ खान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (किसान क्रांति) किसानों की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाने वाला संगठन है। वहीं नवमना. ीत जिला अध्यक्ष चौधरी निखिल राव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए किसानों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। सभा के अंत में संगठन की एकता और संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया गया।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की सड़क दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलजार चौधरी का सड़क दुर्घटना के बाद निधन हो गया गुलजार चौधरी की खबर सुनते ही सिवाल खास में दुख की लहर दौड़ गई। परिजनों के मुताबिक गुलजार चौधरी अभी कुछ दिन पहले बागपत रोड पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे जहां उन्हें मेरठ अस्पताल में भर्ती कर दिया गया था। मंगलवार को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनकी मौत की खबर सुनते ही सिवाल खास में दुख की लहर दौड़ गई और कांग्रेस के नेता और अन्य राजनेताओं का घर पर जमावड़ा रहा। वहीं गुलजार चौधरी बहुत समय से कांग्रेस के सिपाही रहे हैं कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गुलजार चौधरी जैसे व्यक्ति ने हमेशा कांग्रेस के साथ खड़े रहे हैं और इस दुख की घड़ी में कांग्रेस टीम उनके साथ है। इस बीच कांग्रेसियों ने परिवार वालों को सांत्वना दी।



# सेफर इंटरनेट डे पर एनआईसी सभागार में कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व स्तरीय सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी और अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे मनाया जाता है। इस वर्ष 10 फरवरी को स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग थीम के साथ यह दिवस मनाया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी ने स्कैम से बचने की सलाह दी।

# रामराज में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रामराज स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

सम्मेलन में समाज के सामने खड़ी वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर गहन मंथन किया गया। मुख्य वक्ता संत सरस्वतानंद महाराज ने कहा कि हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना में बसी है। उन्होंने संघ के 100 गौरवशाली वर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक आप जागेंगे नहीं तब तक आगे नहीं बढ़ पाएंगे। समाज को एक सूत्र में पिरोना ही आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कश्मीर में हुई घटनाओं का जिक्र किया और लव जिहाद तथा घुसपैठ को राजनीतिक दलों द्वारा प्रमाण पत्र दिये जाने की समस्या पर चिंतन करने की जरूरत बताया। उन्होंने धर्मांतरण को तीसरी और जनसंख्या असंतुलन को चौथी प्रमुख समस्या बताया। महाराज ने कहा कि हमारे पास प्रभुश्री राम की मर्यादा, भगवान श्रीकृष्ण की कूट नीति, स्वामी दयानंद की क्रांति और भगवान बुद्ध व महावीर के शांति संदेश है। रामराज खंड कारवां ब्रह्मचारी सिंह ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा का विवरण साझा किया। उन्होंने मुगलों के अत्याचारों का वर्णन किया और युवाओं को देश के दुश्मनों से लड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अंकुश शर्मा व मास्टर दिनेश बंसल ने किया। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष विपिन मनचंदा, साधन सहकारी समिति चेयरमैन सुरेन्द्र मुखिया, प्रधान सुरेंद्रपाल सिंह, केपी धीमान, डाक्टर श्रीपाल कोहली, मोनू बंसल आदि लोग रहे।

# जिला स्तरीय खेलों में मानपुर ने फिर मारी बाजी

- **आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में हुआ आयोजन**
- **जिला स्तरीय खेलों में मानपुर की टीम रही अव्वल**
- **माछरा ब्लॉक की टीम ने सरधना ब्लॉक को फाइनल में हराकर गोल्ड मेडल जीता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला स्तरीय खेलों का आयोजन आईआईएमटी यूनिवर्सिटी गंगानगर में हुआ जिले के समस्त ब्लॉक की टीमों ने खेलों में भाग लिया। माछरा ब्लॉक की टीम ने सरधना ब्लॉक को फाइनल में हराकर गोल्ड मेडल जीता।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में जिला स्तर के खेल प्रतियोगिता का पहला दिन आईआईएमटी गंगानगर में संपन्न हुआ खेलों का शुभारंभ जिला बेसिक् शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी के द्वारा किया गया। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में मेरठ के सभी ब्लॉकों की 12 टीमों के छात्र-छात्राओं ने खेलों में भाग लिया। कबड्डी में मानपुर के जूनियर के बालक व बालिका वर्ग ने गोल्ड मेडल वह सिल्वर मेडल जीते, गोला फेक, चक्का फेंक और ऊंची गोद में भी मानपुर की टीम ने गोल्ड मेडल जीते, दफतला की टीम ने 100 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में ब्रोंज मेडल जीता, प्राथमिक विद्यालय हसनपुर कला के छात्र-छात्राओं ने रोल प्ले किया जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय शोलदा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

मानपुर टीम के ब्लॉक खेल प्रभारी मोहम्मद इरफान, व्यायाम प्रभारी रेनू वर्मा, इनके अतिरिक्त खेल अनुदेशक अभिषेक, राजीव, शिवकुमार, विनीत कुमार, ज्ञानदीप आदि ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस मौके पर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश तोमर, महामंत्री सविता शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी माछरा अजय कुमार उपस्थित रहे।



# एआईएमआईएम के पैगाम-ए-इत्तेहाद के जरिए मुसलमानों को बड़ा पैगाम दे गए शौकत अली

## कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का यही है सही वक्त





मंच से पैगाम-ए-इत्तेहाद को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली व कार्यक्रम में मौजूद लोगों की भीड़।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर के शाहजमाल स्थित वसीयत फार्म हाउस में मंगलवार की दोपहर पैगाम-ए-इत्तेहाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली तशरीफ लाए। जिसमे एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कार्यक्रम में कहा कि स्वतंत्र भारत के 78 वर्षों में मुसलमानों ने अपने सियासी नफे-नुकसान का सही आकलन नहीं किया। उन्होंने मुसलमानों से आपसी मतभेद भुलाकर सियासी तौर पर एकजुट होने की अपील की।

शौकत अली ने अपने संबोधन में कहा कि मुसलमानों की बदहाली के लिए वे काफी हद तक स्वयं जिम्मेदार हैं। उन्होंने आजादी के दौर की सियासत का जिक्र करते हुए बताया कि उस समय इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, हिंदू महासभा और इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रमुख ताकतें थीं। मुसलमानों को यह समझाया गया कि कांग्रेस ही उनकी सियासी पार्टी है, जिसे उन्होंने भरपूर समर्थन दिया, लेकिन कांग्रेस बाद में सर्वसमाज की पार्टी बन गई। उन्होंने आगे कहा कि जिन वर्गों के साथ अन्याय हुआ, उन्होंने अपनी सियासी पहचान बनाई और सपा, बसपा, टीडीपी, जेडीयू जैसी अपनी पार्टियां खड़ी कीं, जिससे उनके समाज के हित सुरक्षित हुए। इसके विपरीत, मुसलमान न तो अपनी मजबूत सियासी पार्टी बना सके और न ही अपना नेतृत्व खड़ा कर सके।

### इत्तेहाद की बदौलत पहुंची भीड़

पैगाम-ए-इत्तेहाद के नाम पर किठौर में आयोजित कार्यक्रम में भारी भीड़ पहुंची जिसने किठौर में नए सियासी समीकरण को हवा दे दी है। किठौर में एआईएमआईएम के मजबूत होने से समाजवादी पार्टी को बेहद नुकसान हो सकता है। विपक्षी खेमे में पैगाम ए इत्तेहाद से खलबली का पैगाम मच गया है। अब देखना है कि सपा, बसपा और कांग्रेस पतंग की डोर को कमजोर करने के लिए कौन सा नारा लाते हैं।

### किठौर इंस्पेक्टर की जिला अध्यक्ष से हुई नोकझोंक

किठौर से पहले हापुड़ में पार्टी का कार्यक्रम था वहां से एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं के वाहनों को मेरठ-हापुड़ सीमा पर किठौर पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष फहीम एडवोकेट के बीच काफी कहासुनी हुई। फहीम एडवोकेट ने आरोप लगाया कि प्रशासन को एआईएमआईएम की जनसभा से आपत्ति है, जबकि हिंदू महासभा के कार्यक्रमों से कोई परेशानी नहीं होती। जब कोई परमिशन ली जाती है तो भीड़ का परफेक्ट आंकड़े के अनुसार कोई कार्यक्रम नहीं होता। पुलिस ने जानबूझकर पार्टी के लोगों को परेशान किया है।



इंस्पेक्टर के साथ कार्यकर्ताओं की नोकझोंक।

### यह बोली पुलिस

इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि किठौर में कार्यक्रम के लिए केवल दो वाहनों की अनुमति थी, लेकिन एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने लगभग 50 गाड़ियों का जुलूस निकालकर सड़क जाम कर दी। जाम के दौरान नारेबा. जी हुई, जिससे एक एंबुलेंस भी फंस गई। पुलिस द्वारा रोकने पर कार्यकर्ताओं ने बहसबाजी की, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए दो वाहनों का चालान किया गया और एक वाहन को सीज किया गया।

### ओमप्रकाश राजभर को लेकर बड़ी बात कर गए शौकत

एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर ने ओवैसी साहब को लेकर विवादित बयान दिया है। इसके बाद शौकत अली ने भी मंच के माध्यम से राजभर को लेकर एक बड़ी टिप्पणी कर दी जिसमें उन्हें साइकिल चोर कहा। शौकत अली ने राजभर को साइकिल चोर बताने के साथ-सा चूहा मारने की दवा बेचने वाला बताया और कहा कि आज चूहे मारने की दवा बेचने वाला और साइकिल चोर भी विधायक बन गया है इसी के साथ उन्होंने ओम प्रकाश राजभर को लेकर एक विवादित टिप्पणी भी की।

# प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएं

## ऊर्जा भवन में संभव कार्यक्रम के तहत जन-सुनवाई का हुआ आयोजन

■ विभिन्न जनपदों से आए उपभोक्ताओं को सीधा संवाद किया स्थापित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पीवीवीएनएल) द्वारा मंगलवार को ऊर्जा भवन मुख्यालय मेरठ में उपभोक्ता सेवा और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संभव कार्यक्रम के तहत जन-सुनवाई का सफल आयोजन किया गया। इस साप्ताहित जन-सुनवाई मे मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद सहित आदि जनपदों से आए उपभोक्ताओं की समस्याओं का सीधा समाधान किया गया।

प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस जन-सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से बिल, मीटर, नये संयोजन और विद्युत आपूर्ति से जुडे प्रकरण सामने आए प्रबंध निदेशक द्वारा कई शिकायतों का, तत्काल निस्तारण कर उपभोक्ताओं को तत्काल राहत प्रदान की गई। जन सुनवाई मे मेरठ सहित विभिन्न जनपदों से आए उपभोक्ताओं द्वारा बिल, मीटर, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य विद्युत संबंधी कुल 37 आवेदन प्रस्तुत हुए। प्राप्त शिकायतों में से कई का मौके पर ही, निस्तारण कर उपभोक्ताओं को तत्काल राहत प्रदान की गई, शेष लंबित प्रकरणों के संबंध मे संबंधित विभागीय अधिका. रियो को निर्धारित समय-सीमा मे गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रबंध निद. ेशक ने स्पष्ट किया की उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही डिस्कॉम की प्राथमिकता है, प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए की शेष लंबित शिकायतों का भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर, पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डिस्कॉम द्वारा हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जन-सुनवाई एक जवाबदेही, सशक्त मंच बनकर उभरा है जिसमें विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं उपभोक्ता संतुष्टि को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रशासनिक, वाणिज्यिक, तकनीकी और वित्त विभागों के निद. ेशकों की मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है की किसी भी शिकायत का त्वरित, न्यायसंगत एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर विभाग के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे जिनमें निदेशक संजय जैन (वाणिज्य), एन.के. मिश्र (तकनीकी), आशु कालिया (कार्मिक एवं प्रशासन), स्वतंत्र कुमार तोमर (वित्त), मुख्य अभियंता देवेन्द्र चन्द्र वर्मा, पी.के. सिंह, अशोक सुन्दरम, सगीर अहमद, मुनीश चोपड़ा, गुरजीत सिंह के अतिरिक्त अनुराग भल्ला, अभिषेक सिंह, मौ. अरशद (अधीक्षण अभियंता), सोनम सिंह स्टाफ आफिसर, प्रशांत सोनी, सौरभ मंगला एवं अन्य अधिशासी अभियन्ताओं ने भी जन सुनवाई में सक्रिय योगदान दिया।

## विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी ने मेला नौचंदी के आयोजन के लिए की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में मेला नौचंदी के आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में नौचंदी मेले के आयोजन की तैयारी, उद्घाटन इत्यादि के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष नौचन्दी मेले का आयोजन जिला पंचायत द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा नौचन्दी मेले की तैयारी के संबंध में निर्देशित किया गया कि नौचन्दी मेला प्रान्तीयकृत मेला है, समस्त कार्यवाही नौचन्दी मेले की गरिमा के अनुरूप सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि समस्त तैयारियो को तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया जाये। विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारी नामित करते हुये सभी तैयारियां समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाये। मेले में किये जाने वाले कार्य हेतु टेण्डर प्रक्रिया की तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। नौचन्दी मेले स्थल का भ्रमण कर सडक मरम्मत, साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, पानी का छिड़काव, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, पटेल मंडप का सौन्दर्यीकरण, टेण्डर प्रक्रिया, दुकान आवंटन इत्यादि समस्त कार्यों की समय से कार्यवाही करते हुये तैयारी की जाये। नौचंदी मेला कमेटी की बैठक कराते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## एक नजर

### कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**बिजनौर।** मेडिकल अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के निर्देशानुसार कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 10 फरवरी 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान (Early Detection), जोखिम कारकों में कमी (Risk Modification) तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर के खतरे को कम करने के प्रति लोगों को जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने नोट प्लान, पोस्टर और जानकारीपूर्ण वक्तव्यों के माध्यम से कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को साझा किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या डॉ. सफिया खानम ने कहा कि 'कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। समय पर जांच और सही जीवनशैली अपनाकर इसे काफी हद तक रोका जा सकता है।' संस्था की निदेशिका शीमा शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 'नर्सिंग विद्यार्थी समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' कार्यक्रम में उपस्थित चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि आज के समय में कैंसर से बचाव के लिए सही खान-पान, व्यायाम और नशे से दूरी बहुत आवश्यक है। वहीं सचिव राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज को स्वस्थ दिशा देने में सहायक होते हैं और युवाओं को जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### थाना प्रभारी ने कांवड़तियों को कम्बल बांटे

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बीती रात भागूवाला जटपुरा कांवड़ मार्ग पर कांवड़तियों के शिविरों का निरीक्षण कर कांवड़ियों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल वितरित किए। थाना प्रभारी ने कहा कि कांवड़तियों की सेवा के लिए क्षेत्र के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी से इस कार्य की सराहना की।

### एनएसएस विशेष शिविर का समापन



**नजीबाबाद।** नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के समापन अवसर पर साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए जागरूकता प्रस्तुतियां दीं और रैली के माध्यम से समाज को सतर्क रहने का संदेश दिया।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला

## डीएम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में इंटरनेट एक बहुउपयोगी और बहुउद्देशीय उपकरण है, जो इंसानी जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक जरूरत बन चुका है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग यदि सुरक्षित और जिम्मेदारी से न किया जाए तो उससे जान-माल दोनों असुरक्षित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर जहां इंटरनेट ने मानव जीवन की हर क्षेत्र में एक क्रांति पैदा कर दी है, वहीं इसके भयानक दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। साइबर फ्रॉड आज




वैश्विक समस्या बन चुकी है। इससे बचने का एकमात्र तरीका यही है कि बहुत सावधानी और सजगता के साथ इसका प्रयोग करें और किसी भी लालच या जिज्ञासिया से वशीभूत होकर किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि वह साइबर फ्रॉड हो सकता है।

उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सेल स्थापित किया है, जिसकी ब्रांचेस हर पुलिस थाने में स्थापित हैं।

पुलिस साइबर सेल द्वारा न सिर्फ आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागृत किया जाता है बल्कि साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों की कथा संभव मदद भी की जाती है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें और किसी अंजाने व्यक्ति से शेयर न करें, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें और यदि किसी दुर्भाग्यवश साइबर फ्रॉड के शिकार होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क कर साइबर अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराएं।

कार्यक्रम में एनआईसी एवं पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### शिव भक्तों के लिए कांवरती सेवा शिविर




**धामपुर।** रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से कांवड़ में जल भरकर गंतव्य स्थानों को जा रहे कांवड़धारी शिव भक्तों की सेवार्थ विशाल कांवड़ शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में उपस्थित रोटेरियन बंधुओं ने जहां शिव भक्तों का प्रसाद वितरण से स्वागत किया। वहीं उनकी कांवड़ को अपने कंधों पर धारण करके उनको प्रसाद ग्रहण करने की सुविधा भी प्रदान की। इस दौरान शिविर स्थल भगवान भोलेनाथ के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा नगीना मार्ग पर रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव सरदार गगनदीप सिंह चावला तथा कोषाध्यक्ष शिवम नंदा एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा के निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस शिविर में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष विपिन मिश्रा, डॉ. एनपी सिंह, मनीष गर्ग, शिवेंद्र अग्रवाल, डॉ. पुलकित माहेश्वरी, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, डॉ. राजमोहन विश्वास, सरदार अजीत सिंह चावला, पवन सलूजा एडवोकेट, सरदार सतपाल सिंह चावला, ललित गर्ग, संजय वर्मा, वरुण गर्ग, संजीव वर्मा, अनुपम गोयल, सत्येंद्र चौधरी, मुदित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव मिल्क पूरनपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित के अनुसार, होली 2025 के दौरान गांव के कुछ युवकों से बोलचाल को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद से आरोपियों द्वारा रंजिश रखी जा रही थी।

पीड़ित का आरोप है कि 10 फरवरी 2026 की शाम करीब छह बजे वह अपने गांव के मोहल्ले में खड़ा था, तभी आरोपीगण एक राय होकर वहां पहुंचे और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बचाने आए उसके चाचा पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गए। घटना के बाद मौके

### दोनों घायलों की हालत गंभीर

पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना धामपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खुद को डाक्टर बताकर फोन पर की बात, खाते से रुपए साफ

बिजनौर। थाना शिवाला कलां क्षेत्र के ग्राम सेला में फर्जी डॉक्टर बनकर एक व्यक्ति द्वारा लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ का डॉक्टर बताकर ग्रामीणों के खातों से हजारों रुपये निकलवा लिए। ग्राम सेला निवासी आशा कार्यकत्री गुड़िया पत्नी अशोक पाल के मुताबिक छह फरवरी की शाम करीब छह बजे उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया।

## चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान

**नहटौर।** निरीक्षक अपराध विपिन कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुलजीत सिंह और कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मिलकर नगर के विभिन्न बाजारों और पतंग की दुकानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने दुकानों के गोदामों और रैक की बारीकी से जांच की ताकि कहीं भी प्रतिबंधित प्लास्टिक या चाइनीज मांझा छिपाकर न रखा गया हो। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि यदि किसी के पास प्रतिबंधित मांझा पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भारी जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए केवल सूती धागे वाले मांझे का ही प्रयोग करें। चाइनीज मांझा न केवल इंसानों (खासकर दोपहिया वाहन चालकों) के लिए जानलेवा साबित होता है, बल्कि यह बेगुनाह पक्षियों के लिए भी काल बन जाता है। इसी खतरे को देखते हुए प्रशासन ने ष्जीरो टॉलरेंसष की नीति अपनाई।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में परचम लहराया

**कोतवाली देहात।** जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से 14वीं जिला बिजनौर ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन वर्धमान डिग्री कॉलेज के प्रांगण में किया गया। जिसमें मिलेनियम की छात्रा अलशिफा (कक्षा 8) गोल्ड मेडल, हुमेरा (कक्षा 8) गोल्ड मेडल, छात्र धैर्य (कक्षा 5) गोल्ड मेडल, छात्र आयुष (कक्षा 7) गोल्ड मेडल, छात्र तनिष्क (कक्षा 6) सिल्वर मेडल, छात्र कुनाल (कक्षा 5) सिल्वर मेडल, छात्र शिवांक (कक्षा 6) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र अनमोल (कक्षा 4) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र विवेक (कक्षा 4) ब्रॉन्ज मेडल, छात्रा कनक (कक्षा 5) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र राघव (कक्षा 5) ब्रॉन्ज मेडल, छात्र हनी (कक्षा 4) ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये। इस प्रतियोगिता में मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बच्चों का और कोच रिंकू वर्मा का जोरदार स्वागत किया और ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा व टीम मैनेजर गजेय सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, सतेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, बालेश कुमार, विपिन कुमार, रोहिताश सिंह, सतीश कुमार, शारिक अली खान व अर्शी अबरार मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**किरतपुर।** राईन क्रिकेट क्लब किरतपुर आईसीसी के सौजन्य से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मौहल्ला अफगानान के ग्राउंड पर जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन चीफ गेस्ट युवा आसपा नेता मुदस्सिर जमा खां ने फीता काटकर किया। मुदस्सिर जमा खां ने बैटिंग कर गेंद को बाउंड्री से बाहर कर दिया। इस मौके पर दर्शकों की तालियों से मैदान गूंज उठा राईन क्रिकेट क्लब की ओर से मुदस्सिर जमा खां को पगड़ी बांधकर व शॉल ओढ़कार सम्मानित किया गया। इस मौके पर परवेज अहमद, शहजाद अहमद, सभासद पति मौजिज्ययार खान, मौहम्मद दानिश, सुफियान अहमद, मौहम्मद अनस, मुस्तकीम अहमद, हाजी इस्लामुद्दीन, अमीर हसन प्रधान, इंतजार राईन, आसपा नगर अध्यक्ष फेलसूफ जमा खान, एडवोकेट सैय्यद उजैर, मुसैब सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## किसानों का हल्दौर ब्लॉक पर प्रदर्शन

**झालू।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने हल्दौर ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण नेता ने किया। किसानों ने चार अहम समस्याओं को लेकर बीडीओ हल्दौर को मौके पर बुलाकर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आज डिजिटल सुविधाएं जीवन को बना रही है सरलःडीएम

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित, जनसमूह को इंटरनेट के सुरक्षित प्रयोग की दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत सरकार के निर्देशानुसार सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा सरकारी कर्मचारियों को इंटरनेट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सुरक्षित, जिम्मेदार और समझदारीपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उपस्थित जनसमूह को इंटरनेट के सुरक्षित प्रयोग की शपथ दिलाते हुए कहा कि आज डिजिटल सुविधाएं जीवन को सरल बना रही हैं, परंतु असावधानी बरतने पर यही सुविधाएं बड़े जोखिम में भी बदल सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है, क्योंकि डेटा कभी नहीं सोता और



हमारी छोटी-सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भास्कर पांडे एवं अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) बागपत द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का विषय स्मार्ट टेक, सेफ चॉइस एआई का सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रयोगीं रखा गया है, ताकि नागरिक नई तकनीकों के लाभ लेते हुए जोखिमों को कम कर सकें। इस दौरान एनआईसी की ओर से स्कूली बच्चों के लिए क्विज का आयोजन कर सही जवाब देने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर चरणबद्ध और व्यावहारिक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि आज एआई का उपयोग वॉयस टाइपिंग, फेस अनलॉक, चैटबॉट, लाइव स्ट्रीम, उत्पाद सुझाव और डिजिटल सेवाओं आदि में तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि एआई सुविधाएं जितनी उपयोगी हैं, उतनी ही संवेदनशील भी-क्योंकि इनके लिए बड़े पैमाने पर डेटा की आवश्यकता होती है। कार्यशाला में सबसे पहले यह समझाया गया कि साइबर अपराध आखिर क्या है, क्यों बढ़ रहा है और इससे बचाव कैसे संभव है। विशेषज्ञों के अनुसार इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता, त्वरित लाभ की मानसिकता, और तकनीकी जानकारी की कमी साइबर ठगी के प्रमुख कारण हैं। लोगों को लालच, डर या जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए उकसाया जाता है। इसलिए क्या करें और क्या न करें का स्पष्ट अभ्यास जरूरी है-जैसे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करना, ओटीपी, यूपीआई पिन और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करना, तथा ऑनलाइन कस्टमर केयर नंबर गूगल पर खोज. कर कॉल न करना, क्योंकि ठग अक्सर फर्जी नंबर बनाकर लोगों को जाल में फंसाते हैं। जिलाधिक. ारी ने समापन संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में सुविधा और सुरक्षा साथ-साथ चलनी चाहिए। जनपद स्तर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर नागरिक ह्क्या, क्यों, कैसे, क्या करें, क्या न करें की स्पष्ट समझ के साथ इंटरनेट का उपयोग कर सके। कार्यशाला में परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेन्द्र मिश्रा, जिला सूचना अधिक. ारी राहुल भाटी, यूनेस्को के सूचना एवं मीडिया साक्षरता एलायंस

## शराब के नशे में बंदूक से की फायरिंग दरवाजे में खड़ी बच्ची के हाथ में लगे छर्रे

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**बागपत।** नगर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में पड़ोसी ने पहले शराब के नशे में गली में उत्पाद मचाया। लोगों के विरोध करने पर मंगलवार को आरोपी ने आठ साल की बच्ची पर फायरिंग कर दी। बच्ची की गर्दन और हाथ में छर्रे लगे है। बच्ची की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ठाकुरद्वारा मोहल्ले की निगम शर्मा पत्नी आदित्य शर्मा ने बताया कि उसके पड़ोस में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति करीब चार महीने से मकान लेकर रह रहा है। जो पूरा दिन शराब के नशे में रहता है और गली में खड़े होकर पड़ोसियों के साथ गाली-गलौज करता है। मंगलवार की दोपहर करीब ढाई बजे वह गली में खडे होकर गाली-गलौज कर रहा था और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। कुछ देर बाद वह अपने घर से बंदूक लेकर आया और फायरिंग कर दी। उसकी बेटी अवन्या उम्र आठ साल घर के दरवाजे पर खड़ी हुई थी। फायरिंग के दौरान कुछ छर्रे उसकी बेटी की गर्दन ओर हाथ में लगने से घायल हो गई। घटना के बाद से उसकी बेटी काफी डरी हुई भयभीत है। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## एसपी ने किया तीन चौकी प्राभरियों सहित पांच का फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन उप-निरीक्षकों (दरोगाओं) को पुलिस लाइन भेज दिया है। इसके साथ ही, दो नए उप-निरीक्षकों को चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिन उप-निरीक्षकों को पुलिस लाइन भेजा गया है, उनमें शहर कोतवाली क्षेत्र की टटीरी चौकी प्रभारी विपिन कुमार यादव, सरूरपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा और न्यायालय सुरक्षा चौकी प्रभारी वृक्षपाल शामिल हैं। दरोगा अंकित कुमार को बागपत शहर कोतवाली से सरूरपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं, टटीरी चौकी की कमान महिला दरोगा सीमा को सौंपी गई है। एसपी ने इन तबादलों को सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की कवायद बताया है। सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल अपनी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया है। उन्होंने पुलिसकर्मियों



को डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए निर्देशित किया है, साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्टंटबाजी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर जानलेवा स्टंटबाजी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो वाहनों को भी जब्त किया गया है। स्टंटबाजी के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था।

स्टंट में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो और आयशर ट्रैक्टर को भी जब्त कर सीज कर दिया है। यह घटना 8 फरवरी की सुबह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर काठा गांव के पास हुई थी। कुछ युवक ट्रैक्टर और लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर लगभग आधे घंटे तक 3 किलोमीटर के दायरे में जानलेवा स्टंट कर रहे थे।

उनकी इस हरकत से हाईवे पर आवाजाही कर रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू की। वीडियो के आधार पर पुलिस ने जानलेवा स्टंटबाजी में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सिसाना निवासी प्रशांत पुत्र मुकेश, अनिल, नीरज निवासी काठा सहित नवाब पुत्र रफीक शामिल हैं। पुलिस ने स्टंट में इस्तेमाल की गई। एक स्कर्ज़ॉर्पियो कार और एक आयशर ट्रैक्टर को भी जब्त कर सीज कर दिया है। स्टंटबाजी के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। पुलिस ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक सड़कों पर कानून का उल्लंघन करने या जानलेवा स्टंट करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पीड़ित परिवार मृत बच्चे को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा, दोषियों पर की कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक परिवार से मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में एक महिला का छह माह का गर्भपात हो गया। पीड़ित परिवार मृत बच्चे को हाथ में लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई।

यह घटना सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बिल्लौचपुरा गांव की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घर के बाहर कूड़ा डालने को लेकर दबंगों ने उनके साथ मारपीट की और महिला से छेड़छाड़ की। शिकायत के बाद आरोपियों ने दोबारा घर पर हमला किया, जिसमें 10 से अधिक लोग शामिल थे। इस हमले में महिला की कोख में पल रहे छह माह के बच्चे की मौत हो गई, जिससे उसका गर्भपात हो गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने पुलिस से शिकायत की, तो पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने केवल शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया, जिससे मामला और बिगड़ गया। इसके बाद पीड़ित परिवार मृत बच्चे को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बागपत के एसपी सूरज राय ने संबंधित पुलिसकर्मियों को फटकार लगाई और तत्काल मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने अब आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सिंघावली अहीर थाना प्रभारी कुलदीप सिरोही ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दबिश दी जा रही हैं।

### घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा चोर चोरी कर ले गये पीड़ित नें थाने में तहरीर दी है। पांची निवासी युसूफ पुत्र रोशन ने बताया की उसका ई रिक्शा पांची चमरावल मार्ग पर घर के बाहर खड़ा था। रात्रि डेढ बजे के करीब चोर आटो से वहा पहुंचे और पहले रास्ते में खड़ा होकर इधर उधर देखा फिर ई रिक्शा चोरी कर फरार हो गये। सुबह जब पीड़ित ने देखा तो रिक्शा चोरी हुए मिला समीप लगे सीसीटीवी में देखा तो चोर ई रिक्शा चोरी करते दिखायी दिये। पीड़ित नें थाना चांदीनगर में तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है।

### छात्रों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली, पेट के कीड़ों से होने वाले नुकसान बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की मंगलवार से शुरुआत हो गई। इस बीच छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर पेट के कीड़ों से होने वाले रोगों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एसीएमओ डा. मुकेश कुमार ने फीता काटकर किया। एसीएमओ ने कहा कि पेट में कीड़े होने की वजह से शरीर का विकास नहीं हो पाता है। इससे शरीर में दुर्बलता आती है। इसके बाद छात्रों को टेबलेट खिलाई गई। बागपत के प्राथमिक विद्यालय-1 मे कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया।

## डीएम ने किया कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर प्रशास. निक व्यवस्थाओं का व्यापक जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयों में कार्यप्रणाली की वास्तविक स्थिति जानना, लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करना तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में अलग-अलग कार्यालयों में गाइलों के संधारण, अभिलेखों की उपलब्धता तथा प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति की जांच की गई। कई स्थानों पर फाइल मूवमेंट और रिकॉर्ड अपडेट करने की प्रक्रिया को और व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर तय समयसीमा में उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। कार्यालयों में उपस्थिति पंजिका की भी जांच की गई। समयपालन और कार्यालयीन अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी व कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशासनिक कार्यों की गति और गुणवत्ता सीधे तौर पर अनुशासन व नियमितता पर निर्भर करती है, इसलिए किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े अनुभागों में प्रगति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने, लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने



तथा प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ही शासन की मंशा आमजन तक पहुंचती है, इसलिए किसी भी स्तर पर लाप. रवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय और सूचना पट्टों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। रिकॉर्ड रूम में पुराने अभिलेखों के सुरक्षित संधारण, फाइलों की ट्रेसबिलिटी और आवश्यक दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। निर्देशित किया गया कि महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से संरक्षित रखे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व विनीत उपाध्याय, आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एक दिवसीय सालाना जलसे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बस स्टैंड पर स्थित मदरसा इस्लामिया मो. सिनुल उलूम में एक दिवसीय सालाना जलसे का आयोजन किया गया जिसमें तकरीर करते हुए मुफ्ती खालिद नें कहा कि रमजान माह शुरू होने वाला है सभी रोजे रख खुदा की इबादत करे और गरीबों को इमदाद करे यह माह हमें अच्छाई सिखाता है।



रटौल में बस स्टैण्ड पर स्थित मदरसा इस्लामिया मोसिनुल उलूम में एक दिवसीय सालाना जलसे का आयोजन किया गया जिसमें तकरीर करते हुए मुफ्ती खालिद मेरठी नें कहा की सभी मुस्लिमों को पांच वक्त की नमाज पढना जरूरी है। नमाज कभी न छोड़े क्योंकि मरने के बाद हमारे काम हमारे अमाल और नमाज ही काम आयेगी अगर हमारे अमाल अच्छे नही होगे को जाहनूम के दरवाजे खुले होगे। इसलिए सभी पांच वक्त के नमाजी बने और अपने अमाल अच्छे रखे उन्होंने कहा रमजान का माह शुरू होने वाला है। रमजान में खुदा की इबादत और तिलावत करे और अपने गुनाहों की तौबा करे रमजान माह में गरीबों का ध्यान रखे इफ्तारी भेजे और उनकी इमदात करे जलसे में मौलाना फरहत उमर, कारी जुलेकार, मौलाना अशरफ कासमी, हाफिज अब्दुल रहमान मौलाना सफीक, अब्दुल सलाम, पूर्व प्रधान जाकिर हसन, असफाक चौधरी आदि मौजूद रहे।

## जनता वेदिक डिग्री कॉलेज के गेट से प्रारंभ हुई मैराथन यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के जनता वेदिक डिग्री कॉलेज के गेट से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बागपत के तत्वाधान में जिला संयोजक अमन गुप्ता के नेतृत्व में एक मैराथन यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य बाजार अग्रसेन मूर्ति संजय मूर्ति नेहरू मूर्ति फुस वाली मस्जिद मुख्य बाजार से होते हुए दिल्ली बस सहारनपुर हाईवे होती हुई नगर के मुख्य पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पार्क पर संपन्न हुई मैराथन यात्रा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

मैराथन यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जागरूक करना रहा भारी संख्या में मैराथन यात्रा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जनता वैदिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.यशपाल शास्त्री ने युवाओं का मनोबल बढ़ाया और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने भी युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशे से आजीवन दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के भारी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## कीटनाशक ट्रैकर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगाः बाल गोविंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कृषि विभाग किसानों को 50प्रतिशत अनुदान पर सोलर लाइट ट्रैप उपलब्ध करा रहा है। यह पहल किसानों को जहरीले कीटों से छुटकारा दिलाने और फसल सुरक्षा में मदद करने के उद्देश्य से की गई है।



इस यंत्र को प्राप्त करने के लिए किसानों को कृषि विभाग में आवे. दन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, कीटनाशक ट्रैकर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि अधिकारी बाल गो. विंद यादव ने इस ट्रैकर के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि इससे खेतों में रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग में कमी आएगी। यह यंत्र रात में खेत में लगाए जाने पर जलता है, जिससे कीट इसकी रोशनी की ओर आकर्षित होकर इस पर चिपक जाते हैं और मर जाते हैं। उप कृषि निदेशक विभाषी चतुर्वेदी और जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि यह ट्रैकर किसानों के लिए बहुत लाभकारी है। यह न केवल कीटनाशकों पर होने वाले खर्च को कम करेगा, बल्कि फसल की गुणवत्ता सुधार कर किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होगा। विभाग ने किसानों से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## प्रिंस नैन ने स्टेट कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वाराणसी में आयोजित सब जूनियर स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप में जनपद के सरूरपुर कला गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रिंस नैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर बागपत का नाम एक बार फिर प्रदेशभर में रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और परि. जनों व ग्रामीणों ने गर्व व्यक्त किया है।



वाराणसी के बनियापुर में स्वर्गीय केदार पहलवान की स्मृति में 7 से 9 फरवरी तक तीन दिवसीय सब जूनियर प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सरूरपुर कला निवासी किसान सुभाष नैन के पुत्र प्रिंस नैन ने जनपद बागपत का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्रीको रोमन शैली के 60 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में प्रिंस नैन ने गोरखपुर के अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान अभिनव को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रिंस की कुल चार कुश्तियां हुईं और उन्होंने चारों मुकाबले एकतरफा अंदाज में जीतकर अपनी मजबूत पकड़ और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रिंस की इस सफलता पर परिवार, कोच और ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और खेलों के प्रति उनका रुझान बढ़ेगा।

## विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को विदाई समारोह हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। समारोह का शुभारंभ निद. ेशक अनुभव चौधरी व शिवानी चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने संगीत की मधुर धुनों पर सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, गरबा नृत्य, हरियाणवी लोकनृत्य, वेस्टर्न डांस, हास्य नाटिका व म्यूजिकल प्रतियोगिताओं की प्रस्तुति से सबको भाव विभोर किया। रैप पर हुए कैटवॉक में यशिका को मिस फेयरवैल व रितिक को मिस्टर फेयरवैल चुना गया, जबकि आदित्य को मिस्टर स्कूल व खुशी को मिस स्कूल चुना गया। निकिता के संचालन में हुए समारोह में निर्देशक देव नागर व प्रधानाचार्य मीनू सिरोही ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।




## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में धूमधाम के साथ मनाया वार्षिकोत्सव समारोह







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. एसके शर्मा, विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार शर्मा एवं ओमपाल सिंह की उपस्थिति में सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रधानाचार्य डा. प्रीति शर्मा ने बताया कि छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की पत्रिका के प्रथम संस्करण 'अस्मिता-सृजन की ओर पहला कदम' का विमोचन किया गया, जिसमें विद्यालय की शून्य से शिखर तक की प्रगति यात्रा को दर्शाया गया है। खेल प्रतियोगिताओं में जूनियर से सीनियर वर्ग तक की छात्राओं को चम्मच दौड़, गोला फेंक, ऊंची-लंबी कूद, खो-खो व क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार दिए गए। वर्षभर अनुशासन व्यवस्था संभालने वाली 15 वॉलिंटियर छात्राओं एवं विभिन्न क्लबों की नोडल अधिकारियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन छवि श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में वंदना शर्मा, इदू, हुकुम सिंह, मंजू रानी, आशु रानी, पूनम, सुरक्षा, कविता, अंकुर, अमित, सिमरन व राखी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अंकुर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

गौरी पत्नि स्व.हातम निवासी ग्राम सिरसलगढ, थाना बिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**NOTICE**

In My Driving Licence No. UP1720030003184, name was incorrectly recorded as Rajendra Kumar Tiwari, son of Roshan Lal Tiwari.This information is incorrect. My correct name is Rajendra Kumar, son of Roshan Lal. Address: Mukarrabpur Kandera, Baghpat.

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र प्रशान्त से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

दिनेश पाल पुत्र स्व.तिलकराम निवासी पट्टी धनकोशिया कस्बा छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

# हापुड़ में पूर्व मंत्री मदन चौहान पर जानलेवा हमले का प्रयास, बदमाशों ने तानी पिस्टल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व मंत्री एवं तीन बार के विधायक रहे मदन चौहान पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई। घटना गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव हिरणपुर के पास की बताई जा रही है, जहां कार सवार बदमाशों ने उन पर फायर करने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री मदन चौहान अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ एक सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तीन युवक अचानक उनकी गाड़ी के सामने आकर खड़े हो गए।

आरोप है कि बदमाशों ने गाली-गलौच करते हुए पिस्टल निकाल ली और शीशे पर सटाकर फायर करने की कोशिश की, लेकिन गोली चूक गई। घटना के बाद जब सुरक्षाकर्मी गाड़ी से बाहर निकले तो हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले को लेकर पूर्व मंत्री मदन चौहान ने बताया कि बदमाशों के पास हथियार थे और उन्होंने जान से मारने की नीयत से फायर किया, लेकिन संयोगवश फायर मिस हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

क्षेत्र में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल पूर्व मंत्री मदन चौहान पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर दिया गया है जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।



## नवीन मंडी चोरी कांड का खुलासा, बुलेरो पिकअप समेत चोरी का माल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नवीन मंडी की एक दुकान से 64 कैरेट किन्नू चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का पूरा माल, घटना में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप वाहन और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से मंडी व्यापारियों ने राहत की सांस ली है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोटावाली की ओर जाने वाले रास्ते से दो संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से नवीन मंडी से चोरी किए गए 64 कैरेट किन्नू बरामद हुए। इसके साथ ही चोरी में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप वाहन भी पुलिस ने जब्त कर लिया। वाहन को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया गया है। आरोपियों के पास से दो अवैध चाकू भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नितिन पुत्र महीपाल सिंह और प्रदीप पुत्र पालेराम के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्त ग्राम मतान. तनगर, थाना बलैनी, जनपद बागपत के निवासी बताए गए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों शातिर किस्म के अपराधी हैं और पूछताछ में अन्य चोरी की घटनाओं से जुड़े अहम सुराग मिलने की भी संभावना जताई जा रही है। थाना हापुड़ देहात पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## हापुड़ से मोहब्बत का पैगाम, मुस्लिम युवकों ने हिंदू युवक को दी अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की एक प्रेरक तस्वीर उस समय देखने को मिली, जब एक हिंदू युवक के अंतिम संस्कार में मुस्लिम समुदाय के युवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले युवक की अर्थी को मुस्लिम युवकों ने कंधा दिया और श्मशान घाट तक साथ चलकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया।

घटना हापुड़ देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोटला सादात की है। मोहल्ला निवासी अर्जुन की पास ही रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। जैसे ही हादसे की खबर फैली, परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक परिवार की स्थिति को देखते हुए मोहल्ले के मुस्लिम युवकों ने आगे बढ़कर मदद का हाथ बढ़ाया। अंतिम संस्कार की तैयारियों से लेकर श्मशान घाट तक की पूरी प्रक्रिया में उन्होंने सक्रिय सहयोग किया। अर्जुन की अर्थी को कंधा देना हो या परिजनों को ढांढस बंधाना, हर कदम पर इंसानियत नजर आई। इस दौरान हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुस्लिम समुदाय के एक युवक ने कहा, दुख की घड़ी में धर्म नहीं, इंसानियत सबसे बड़ा धर्म होती है। अर्जुन हमारे मोहल्ले का बेटा था, उसे कंधा देना हमारा फर्ज था। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि समाज में आज भी भाईचारा, संवे. दनशीलता और मानवीय मूल्य जिंदा हैं। कोटला सादात की यह पहल न सिर्फ जिले बल्कि पूरे समाज के लिए एक मिसाल बन गई, जहां दुख में सभी एक साथ खड़े नजर आए।



## तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, बुलंदशहर रोड पर पलटे भारी वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में बुलंदशहर रोड स्थित पक्की चौकी के पास मंगलवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। खराब ट्रक को क्रेन से ले जाया जा रहा था, तभी पीछे से आ रही एक निजी बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद क्रेन और ट्रक दोनों अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्डे में पलट गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, क्रेन चालक मेरठ से बुलंदशहर की ओर खराब ट्रक को खींचकर ले जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही खाली निजी बस ने पीछे से क्रेन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भारी वाहन पलट गए। हादसे के बाद बस चालक बस के भीतर ही फंस गया, जबकि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हाफिजपुर प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बस चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में बस चालक सहित कुछ अन्य लोगों को चोटें आईं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के निर्देश पर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से सड़क से हटवाया गया, जिससे कुछ ही समय में यातायात बहाल कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और विस्तृत जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## निजी कंपनी से 14 लाख की नकदी उड़ा ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में अपराधियों के हौसले उस समय देखने को मिले, जब एसपी आवास से कुछ ही दूरी पर स्थित एक निजी कंपनी के कार्यालय को चोरों ने निशाना बना लिया। देहात थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात हुई इस बड़ी वारदात में चोर कैश रूम से करीब 14 लाख रुपये नकद चुरा ले गए। पूरी घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, इंसकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कार्यालय में सोमवार रात करीब साढ़े 12 बजे तीन अज्ञात चोर घुस आए। चोरों ने पहले मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और फिर सीधे कैश रूम तक पहुंच गए। वहां रखी भारी नकदी समेटकर वे मौके से फरार हो गए। मंगलवार सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो टूटे ताले और खाली कैश रूम को देखकर उनके होश उड़ गए। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में तीन संदिग्ध चोर साफ दिखाई दे रहे हैं, जो वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। पुलिस अब इन्हीं फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है। कंपनी में कार्यरत राहुल शर्मा निवासी गांव दस्तोई, हापुड़ की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसपी आवास के नजदीक हुई इस चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के इलाकों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।



## मोहल्ला साकेत में आग का कहर, लाखों का घरेलू सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के मोहल्ला साकेत में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सैनी की धर्मशाला के पास स्थित एक मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में कमरे में रखा सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, यह मकान फतेह सक्सेना पुत्र स्वर्गीय शंकर लाल सक्सेना का है। घटना के समय मकान में उनकी पत्नी और पोता मौजूद थे, जबकि बेटा नौकरी पर गया हुआ था और फतेह सक्सेना स्वयं किसी कार्य से बाजार गए हुए थे। इसी दौरान अचानक कमरे से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर कमरे में रखा बिस्तर, कपड़े, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य कीमती घरेलू सामान पूरी तरह जल गया।

आग से मकान को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही कि समय रहते घर में मौजूद महिला और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि दोनों दहशत में आ गए। आग लगने की सूचना मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू न पाते देख तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। आग से हुए नुकसान को लेकर पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है।



### एक नजर

## पशु चोरी मामले में फरार चल रहा आरोपी पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में पशु चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पशु चोरी की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त एक लोहे की सांखल और एक कन्टीमाला बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार थाना सिम्भावली में दर्ज मुकदमा बीएनएस के तहत पशु चोरी के मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर माधापुर औरंगाबाद बाईपास गंगा एक्सप्रेस-वे के पास से अभियुक्त को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इरशाद पुत्र दिलशाद निवासी इसराना, थाना गन्नौर, जनपद पानीपत हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोहे की सांखल और एक कन्टीमाला बरामद की, जिनका इस्तेमाल पशु चोरी की घटनाओं में किया जाता था। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान अन्य पशु चोरी की घटनाओं से जुड़े अहम सुराग मिलने की भी संभावना है।

## सड़क हादसा में पूर्व राज्यसभा सांसद मुनक़द अली बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद मुनक़द अली की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में उनकी फॉर्च्यूनर कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि पूर्व सांसद समेत वाहन में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्व राज्यसभा सांसद मुनक़द अली प्रयागराज में आयोजित बहुजन समाज पार्टी की बैठक में शामिल होने के बाद अपने आवास किठौर, मेरठ लौट रहे थे। इसी दौरान हाफिजपुर थाना क्षेत्र के पास अचानक उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसकी तस्वीरें वाहन की गंभीर हालत बयां कर रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने पूर्व सांसद मुनक़द अली को सुरक्षित उनके स्थानीय आवास किठौर, मेरठ पहुंचाया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त कार को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित बच गए। पुलिस द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## प्रधानों व संभ्रांत लोगों के साथ पुलिस की बैठक, अपराध नियंत्रण पर हुआ संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना परिसर में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी अवनीश शर्मा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। इसमें पुलिस और ग्रामीणों के बीच समन्वय बढ़ाने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पर विस्तार से चर्चा हुई।

थाना प्रभारी अवनीश शर्मा ने बैठक के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत होगी और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। अवनीश शर्मा ने बताया कि सर्दी के मौसम में चोरी और पशु तस्करी जैसी घटनाओं में वृद्धि की आशंका रहती है, जिसके लिए गांव स्तर पर सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से छोटे विवादों को गांवों में ही सुलझाने और किसी भी गंभीर समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बैठक में आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। वरिष्ठ उप निरीक्षक दिलशाद चौधरी ने ग्राम प्रधानों से गांव के प्रमुख चौराहों और बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आग्रह किया। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने पर जोर दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अतीक अहमद, लालपुर प्रधान आरिफ, हसनपुर प्रधान राजपाल सिंह, नन्दपुर प्रधान पति अमित गोस्वामी सहित सलीम. ुद्दीन सैफी, अहमद अली, जाहिद अली, गुलफाम, अब्दुल हसन और अन्य संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित थे।



## जुए के खिलाफ बड़ा एक्शन, धौलाना से चार आरोपी खेलते हुए धराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने जुआ और सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ईदगाह मस्जिद के पीछे स्थित कब्रिस्तान से जुआ खेलते हुए चार लोगों को पकड़ा, जिनके कब्जे से नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कब्रिस्तान के पीछे कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना धौलाना पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां चारों आरोपी ताश के पत्तों पर दांव लगाते मिले। पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया गया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर सभी को मौके से दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सलाउद्दीन पुत्र याशीन निवासी तेलीवाड़ा मोहल्ला, राहुल पुत्र समीम निवासी छोटा बाजार, इरफान पुत्र ग्याशुद्दीन निवासी तेलीवाड़ा मोहल्ला तथा पवन पुत्र आनंद निवासी पछायला मोहल्ला, सभी थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से जुआ खेलने में प्रयुक्त नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। थाना धौलाना पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सुमित कुमार को शौर्य सम्मान, साहस व सेवा का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण तब आया जब थाना धौलाना में तैनात आरक्षी सुमित कुमार को मेरठ में आयोजित हिंदुस्तान शौर्य सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सुमित कुमार को पुलिस की वर्दी में अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट पुलिस सेवा के लिए शौर्य सम्मान प्रदान किया। इस सम्मान समारोह में सुमित कुमार के साथ सुहास और समर्पण जैसे जांबाज पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद जैसे ही सुमित कुमार धौलाना लौटे, क्षेत्र के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर बधाई दी। धौलाना थाने में भी इस उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। आरक्षी सुमित कुमार ने अपने कार्यकाल में फरियादियों की मदद, क्षेत्र में भाईचारा बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत किया है। आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। शौर्य सम्मान प्राप्त कर सुमित कुमार ने न केवल धौलाना थाने बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यह सम्मान उनकी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक है, जो आने वाले समय में अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।



## एक पेड़ माँ के नाम अभियान, संस्था संदेश ने 51 पौधे लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना में स्वयंसेवी संस्था संदेश ने सरकारी अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत 51 पौधे लगाए। यह वृक्षारोपण गांव देहरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज और कम्पोजिट विद्यालय समाना में किया गया, जहाँ छात्रों, शिक्षकों और संस्था के पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।संस्था की सचिव पूनम सिंह परिहार ने बताया कि संदेश संस्था हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर के विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से वृक्षारोपण करती है। उन्होंने पौधों की देखभाल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक शिशु को निरंतर संरक्षण और स्नेह की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार पौधों की भी देखरेख जरूरी है, तभी वे बड़े होकर फल-फूल और छाया प्रदान करते हैं। संस्था लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी आसपास के लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को सौंपती है। संदेश संस्था के सहायक प्रबंधक राहुल सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण उनके विकास कार्यों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने जानक. ारी दी कि एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत इस वर्ष 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में देहरा और समाना के विद्यालयों में छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए वृक्षारोपण कराया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्का कटियार और सपन वर्मा ने संस्था का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सहयोग की उम्मीद जताई। इस कार्यक्रम में संजीव भारद्वाज, हेमलता, चाँदनी, रुकैया, सना, अलिसा, महजबी, अनम सहित कई छात्र-छात्राएं और विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




## हापुड़ पुलिस का सराहनीय कार्य, अश्वपरेशन तलाश में महिला को सुरक्षित खोजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश गुमशुदा अभियान के तहत सिम्भावली थाना पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस ने एक गुमशुदा महिला को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। महिला के मिलते ही परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने हापुड़ पुलिस की तत्परता व मानवीय कार्यशैली की जमकर सराहना की। हापुड़ पुलिस द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक अपराध के निर्देशानुसार जिलेभर में गुमशुदा व्यक्तियों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिम्भावली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गुमशुदा महिला की तलाश तेज की और ग्राम सेना क्षेत्र से उसे सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने महिला से पूछताछ कर उसकी पहचान सुनिश्चित की और सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। बरामद की गई गुमशुदा महिला की पहचान दानिश्ता पुत्री फारुख निवासी ग्राम सेना, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। महिला के सुरक्षित मिलने की सूचना मिलते ही परिजन थाना पहुंचे और पुलिस का आभार व्यक्त किया। परिजनों ने कहा कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील व्यवहार से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

# न्यायालय में वकील ने दरोगा को जड़े चांटे

## चैम्बर में घुसकर दरोगा ने बचाई जान, दरोगा की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर स्थित मुंसिफी न्यायालय परिसर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया। जब पुलिस के एक दरोगा पर अधिवक्ताओं के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा। घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए आरोपी दरोगा के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

पीड़ित अधिवक्ता मनीराम राणा के अनुसार, कोतवाली में तैनात संबंधित दरोगा उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं। पूर्व में दरोगा के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर किया गया था। जिससे खुन्नस खाकर दरोगा मंगलवार को न्यायालय परिसर में दाखिल हुए थे। आरोप है कि दरोगा



ने मनीराम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की और मुकदमा वापस न लेने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी। बीच-बचाव करने आये वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि दरोगा ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की की और उन्हें जमीन पर घसीटा, जिससे उनके हाथों और घुटनों में चोटें आई हैं। अधिवक्ताओं का

**■ डीजे बजाने को लेकर छह दिन पहले हुआ था विवाद**

कहना है कि न्यायालय परिसर के भीतर इस तरह की घटना न्यायपालिका की गरिमा पर प्रहार है। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी और कोतवाल प्रेमपाल सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। प्रदर्शनकारी वकीलों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दोषी दरोगा के खिलाफ तत्काल विधिक कार्यवाही नहीं की गई। तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। घटना को लेकर बार एसोसिएशन में गहरा रोष व्याप्त है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने बताया दरोगा रामप्रकाश न्यायालय पीड़िता के बयान की अनुमति लेने के लिए गये। वहां पर मनीराम के व्यक्ति ने अपने दो साथियों के साथ दरोगा के साथ मारपीट की। उन्होंने बताया दरोगा ने चैंबर में घुसकर अपने आप को बचाया। पुलिस मौके पर पहुंचकर उन्हें वहां से निकाला। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया दरोगा के साथ मारपीट करने सरक. ारी काम में बांधा डालने आदि संबंधित धाराओं में कोतवाली हसनपुर में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। उन्होंने बताया 4 जनवरी को भी मनीराम नाम के व्यक्ति से डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था। मनीराम से दरोगा से बहस हुई थी इसी को लेकर दरोगा पर हमला किया है।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व मारपीट

## कोर्ट के आदेश पर पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जमीनी रंजिश में घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले में देहात थाना पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

यह मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां एक किसान का परिवार रहता है। उनकी पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक गांव के रहने वाले कुछ लोगों ने उनकी खेती की जमीन पर कब्जा कर रखा है। जिसे लेकर रंजिश चल रही है। आरोप है कि बीती 16 जनवरी की शाम में वह घर में अकेली थीं। उसी दौरान आरोपी घर में घुस आए, मारपीट करते हुए धमकी देने लगे, विरोध किया तो दो आरोपियों ने छेड़छाड़ की, इतना ही बुरे इरादे से कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा होती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में फरमान, फय्यूम, जाहिद, खैरुल निशा व फहीम के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है, इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बुर्के की आड़ में सूट चोरी करते तीन दबोची

## दुकानदार की सतर्कता से पकड़ी गयीं तीन महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। कंचन बाजार की भीड़भाड़ में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब कुंदन वस्त्रालय पर चोरी की अनोखी वारदात सामने आई। दो महिलाएं बुर्का पहने और एक युवक ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुए। तीनों बड़े इत्मीनान से सूट देखने लगे। दुकानदार भी रोज की तरह उन्हें नए डिजाइन दिखाने में जुटा रहा, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि दुकान के अंदर ही चोरी की तैयारी चल रही है।

बताया गया कि सूट देखने के बहाने महिलाएं एक-एक कर कपड़ों को अपने बुर्के के अंदर छुपाती रहीं। कुछ ही देर में दर्जनों सूट गायब हो गए। जब तीनों बाहर निकलने लगे तो दुकानदार को कपड़ों की गिनती में गड़बड़ी लगी। शक होते ही उसने बिना देर किए उनका पीछा कर दिया। दुकानदार की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी दौड़ पड़े। कुछ दूरी पर स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को पकड़ लिया गया। बाजार में लोगों की भीड़ जमा हो गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। व्यापारियों का कहना है कि इससे पहले भी बाजार में इस तरह की चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इस बार दुकानदार की सतर्कता से बड़ा नुकसान होने से बच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है। बाजार में घटना के बाद व्यापारियों ने सतर्कता बढ़ा दी है और दुकानों पर निगरानी रखने की बात कही जा रही है।



■ मंडी धनौरा। दुकान में चोरी की वारदात के बाद जमा लोगों की भीड़।

# विवाहिता के उत्पीड़न में पति समेत पांच पर रिपोर्ट

## शादी के पांच माह बाद आयी रिश्ते में दरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी के पांच महीने बाद ही रिश्ते में दरार आ गई। ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। आखिर में मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बटवाल में स्व.माजिद का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी अरीबा की शादी लगभग पांच महीने पूर्व मोहल्ला नल (नई बस्ती) के रहने वाले उवैस के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने अरीबा दहेज के लिए परेशान करने लगे। मायके से एसी, कार व अन्य महंगा सामान दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। आठ फरवरी को पति उवैस ने धक्के देकर घर से निकाल दिया और दूसरी शादी करने की धमकी दी। इससे पहले भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था जिसमें 25 नवंबर को महिला थाने में समझौता हुआ था। इस दौरान उवैस, अरीबा को अलग किराए के मकान में रखने की बात कह कर अपने साथ ले गया था लेकिन एक महीने किराए के मकान में रखने के बाद वह फिर से अपने घर ले गया। फिलहाल, विवाहिता पांच महीने की गर्भवती है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में उवैस, फायजा, लायबा, आमिर व रजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच पूरी होने के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**दा प्रयास वर्ल्ड स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन**

# वर्किंग मॉडल बनाकर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दा प्रयास वर्ल्ड स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। बच्चों ने विज्ञान से संबंधित आइटम बनाकर देखने वालों को दंग कर दिया।

स्कूल के शिक्षित होनहार टीचरों के नेतृत्व में नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही शानदार विज्ञान से संबंधित आइटम बनाकर उनका शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए वर्किंग मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये। सुरभि चांदनी माही ने चंद्रयान 3 बनाया। अरनाम राघव पुराण हिमांग ने सोलर सिस्टम बनाया। बच्चों ने स्मार्ट सिटी वेस्ट मैनेजमेंट और ऑटोमेटिक लाइट जैसे



वर्किंग मॉडल बनाकर सबको अपनी ओर आकर्षित कर दिया। वर्किंग मॉडल में बच्चों ने हाइड्रोलिक ब्रिज, वोल्केनो (ज्वालामुखी), पवन ऊर्जा टरबाइन और ड्रिप सिंचाई प्रणाली के कार्यत्मक मॉडल बनाये। अंतरिक्ष और तकनीकी चंद्रयान-3 और सोलर सिस्टम के मॉडल बच्चों की अंतरिक्ष में रुचि दिखा रहे थे। वेस्ट से बेस्ट में बच्चों ने कई मॉडल बेकार कार्डबोर्ड, बोतल, पाइप और लाइट का उपयोग करके तैयार किये थे। बच्चों ने किडनी की संरचना, हार्ट का वर्किंग मॉडल, ट्रैफिक लाइट और रिन्यूएबल एनर्जी और सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किये। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी विज्ञानी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे होनहार बच्चे बनाये गये मॉडल एवं प्रोजेक्ट के बारे में अतिथियों को सफलतापूर्वक जानकारी दे रहे थे। जो इस बात का सबूत दे रहे थे कि बच्चे काफी हॉनर छात्र हैं। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक पुनीत चौहान मुकेश चौहान सौरभ गुप्ता राकेश कुमार आदित्य गुप्ता समेत बड़ी संख्या में अतिथि भी मौजूद थे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। शादी समारोह से लौटते समय बाइक सवार दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी पुनीत उपाध्याय (27) व उसका दोस्त रविन्द्र बाइक द्वारा एक शादी समारोह से लौट रहे थे। रहमापुर मार्ग पर इनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पुनीत उपाध्याय व रविन्द्र घायल हो गए। 108 एंबुलैंस द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां पर चिकित्सक ने पुनीत उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी, वहीँ घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

# युवक को रास्ते में रोककर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक के साथ दो व्यक्तियों ने मारपीट करके घायल कर दिया। युवक के चाचा ने आरोपितों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी जोगेन्द्र रास्ते में जा रहा था कि गांव के ही निवासी मोहित व राकेश ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौच करते हुए लाठी डंडो से मारपीट की, और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल युवक के चाचा ओमप्रकाश ने दोनों आरोपितों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# कांवरियों की आस्था की परीक्षा ले रहीं जर्जर सड़कें

## कंकर-पत्थरों पर चलकर जल लेने जाने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। हरिद्वार से गंगाजल भरकर शिवभक्त अपने-अपने गंतव्यों की ओर रवाना हैं। कई शहरों और कस्बों में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा हो रही है, जगह-जगह स्वागत द्वार, सेवा शिविर और सुरक्षा व्यवस्था की झलक दिख रही है। लेकिन मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र में शिवभक्ति का यह उत्सव बदहाल सड़कों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

बदायूं-बिल्सी स्टेट हाईवे पर गांव पत्थर कुटी के पास स्थित



नौगांवा तिराहा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और मार्ग कंकर-पत्थरों से भरा पड़ा है। इसी रास्ते से बड़ी संख्या में कांवड़िए, बाइक सवार और पैदल श्रद्धालु गुजर रहे हैं। हालत यह है कि लोगों को संभल-संभलकर चलना पड़ रहा है और जरा सी चूक हादसे का कारण बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना वाहन चालक और राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। खासकर नौगांवा तिराहे पर मोड़ लेना बेहद खतरनाक हो गया है। इसके बावजूद न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही कंकर-पत्थर हटाने की कोई व्यवस्था की गई है। एक ओर प्रदेश के कई हिस्सों में शिवभक्तों का स्वागत फूलों की वर्षा से किया जा रहा है, वहीं मंडी धनौरा क्षेत्र में कांवड़िए कंकरों और पत्थरो से भरे मार्ग पर चलने को मजबूर हैं। आस्था के इस महापर्व से पहले प्रशासनिक लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कांवड़ यात्रा और महा. शिवरात्रि के दौरान यह मार्ग हादसों का कारण बन सकता है।

# बिना मान्यता के डिग्री जारी करने का आरोप

## वैंक्टेश्वर विश्वविद्यालय एक बार फिर चर्चाओं में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते विवादों में घिर गई है। यूनिवर्सिटी पर बीएससी ऑप्टोमेट्री के छात्रों को बिना मान्यता वाले कोर्स की डिग्री जारी करने का आरोप लगा है। मामला उस समय उजागर हुआ जब एक छात्र का यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी में रजिस्ट्रेशन आवेदन खारिज कर दिया गया और डिग्री को अवैध बताया गया। इसके बाद पीड़ित छात्रों ने यूनिवर्सिटी पर धोखाधड़ी और करियर से खिलवाड़ करने के आरोप लगाए।

श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी एक बार फिर बड़े विवादों के घेरे में है। रजबपुर थाना क्षेत्र की इस यूनिवर्सिटी पर बीएससी ऑप्टोमेट्री के छात्रों को फर्जी डिग्री थमाने का गंभीर आरोप



लगा है। मामला तब खुला जब पीड़ित छात्र सुदर्शन कुमार ने यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया, जहां फैकल्टी ने डिग्री को अवैध बताते हुए रजिस्ट्रेशन से साफ इनकार कर दिया। जांच में सामने आया है कि यूनिवर्सिटी के पास इस कोर्स का कोई वैध पंजीकरण ही नहीं था। छात्रों का आरोप है कि उनसे डिग्री के नाम पर 10,300 रुपये वसूले गए और अब जाली दस्तावेज देकर उनके करियर से खिलवाड़ किया जा रहा है। न्याय की गुहार लगाने पहुंचे छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर बदतमीजी और धमकी देने का भी आरोप लगाया है। बदहवास छात्र और उनके परिजनों ने एसपी से मिलकर धोखाधड़ी के इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### वीसी ने आरोपों को बताया निराधार

**अमरोहा**। श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राजीव त्यागी ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त है और यहां से जारी की गई डिग्रियां पूरी तरह वैध हैं। डॉ. त्यागी ने कहा कि इससे संबंधित समस्त जानक. ारी यूजीसी और यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां कोई भी व्यक्ति तथ्यों की पुष्टि कर सकता है।

**दुष्कर्म के मामले में पुलिस पर फजी मुठभेड़ व बेगुनाह को झूंठे मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप**

# सैदनगली पुलिस के खिलाफ एसपी कार्यालय पर गरजे ग्रामीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ग्रामीणों ने दुष्कर्म के मामले में पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ दिखाने और बेगुनाह को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में गजेंद्र के परिजन भी शामिल रहे, जिन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

मंगलवार को सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र होकर मुख्यालय पहुंचे। बीते दिनों मुरादाबाद से नानी के घर आई बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में जेल भेजे गए गजेंद्र के परिवार के लोग भी उनके साथ में थे। ग्रामीणों ने मुठभेड़ पर सवालिया निशान लगाया तथा पुलिस कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस ने मुठभेड़ फर्जी दिखाई है। गजेंद्र को बाइक चलानी नहीं आती है। दुष्कर्म के आरोप में गजेंद्र को पुलिस ने झूठा फंसाया है, इसकी जांच होनी चाहिए। पूरा गांव उनके पक्ष में है। आरोपी की पत्नी ने बताया कि पति दूसरे गांव की चक्की पर आटा खरीदने गए थे। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी फोटो आया है। इसी को आधार मानते हुए पुलिस



उन्हें दोषी मान लिया। टांग में गोली मारी और बिना नंबर प्लेट बाइक व तमंचा और दो जिंदा कारतूस मुठभेड़ में बरामद दिखाकर जेल भेज दिया। कहना था कि पति के पास बाइक तो दूर की बात साइकिल तक नहीं हैं। उन्हें बाइक चलानी नहीं आती है। पुलिस वाले घर से बुलाकर ले गए थे बाद में मुठभेड़ में गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज दिया। आरोप लगाया कि 12 जनवरी को गांव के लोगों ने झूठा फंसाने की जानक. ारी होने पर भाकियू भीमराव आंबेडकर के अध्यक्ष दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में कलक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिया था। गजेंद्र सिंह के बेकसूर होने की बात को दबाने के लिए किसान नेता दिग्विजय भाटी और गांव के पांच लोगों के खिलाफ दुष्कर्म पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जिससे कोई गजेंद्र सिंह की पैरवी नहीं कर पाए, इसके बाद से लोग डरे सहमे हुए हैं। देवेंद्र सिंह की पत्नी विमला देवी का आरोप है कि सीसीटीवी कैमरे के द्वारा पुलिस गजेंद्र को दोषी ठहरा सकती है तो पीड़िता की मां को धमकी देने के मामले की भी सीसीटीवी फुटेज चेक कराई जाएं। इसके अलावा गजेंद्र सिंह के मोबाइल की लोकेशन तड़के चार से आठ बजे तक और मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मियों के मोबाइल की लोकेशन सात जनवरी की सुबह चार बजे तक, इसकी भी जांच होनी चाहिए। गजेंद्र और पीड़िता के डीएनए की जांच भी होनी जरूरी है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच उच्च स्तरीय अधिकारी या किसी अन्य थाना पुलिस से कराने की मांग की।

# डीएम ने दिये पेशकार के वेतन रोकने के निर्देश

## लेखपाल-कानूनगो पर दिये विभागीय कार्रवाई के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील में सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के औचक वार्षिक निरीक्षण से प्रशासनिक अमला सकते में आ गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने न्यायालय तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उपजिलाधिकारी न्यायिक, संग्रह अनुभाग, नजारत अनुभाग और राजस्व निरीक्षक कार्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया।

न्यायालय तहसीलदार में तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित धारा 34 व 67 के वादों में देरी पाए जाने पर पेशकार वरदान से स्पष्टीकरण तलब करते हुए गुणवत्तापू. रक निस्तारण तक वेतन आहरण पर रोक लगाने के आदेश दिए गए। इसी प्रकार उपजिलाधिकारी न्यायिक न्यायालय में धारा 116 व 24 के मामलों में देरी पर पेशकार धर्मेंद्र कुमार का भी वेतन रो. कने के निर्देश दिए गए। एक प्रकरण में समय से रिपोर्ट न लगाने पर लेखपाल राजीव पाल तथा दूसरे मामले में संबंधित राजस्व निरीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए। संग्रह अनुभाग में अमीनवार आरसी वसूली की स्थिति की समीक्षा की गई। खतौनी अंश निर्धारण व ई-परवाने की फीडिंग में लापरवाही मिलने पर कानूनगो धीरे सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी राजस्व वादों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा व दायरे में सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता पर निपटाने के आदेश दिए गए। वहीं उपजिलाधिकारी न्यायालय में वादों के बेहतर निस्तारण पर पेशकार की प्रशंसा भी की गई। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, पुष्करनाथ चौधरी, तहसीलदार मूसा राम थारू , नायब तहसीलदार योगेश लोधी, राज्यपाल सिंहसहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षाः 500 मीटर की परिधि में बंद रहेंगी फोटोस्टेट व साइबर कैफे की दुकानें

## नकलविहीन परीक्षा के लिए बोर्ड ने जारी किए सख्त आदेश

शाह टाइम्स

रामपुर। जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। इस बार परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर की परिधि में स्थित फोटोस्टेट मशीनें और साइबर कैफे परीक्षा अवधि के दौरान पूरी तरह बंद रहेंगे। पहले यह दूरी लगभग 100 मीटर निर्धारित थी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जिले में कुल 72 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 46,766 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की संभावना को खत्म करने के लिए प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 500 मीटर की परिधि में फोटोस्टेट मशीन और साइबर कैफे बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इन आदेशों के अनुपालन की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को सौंपी गई है। यदि कोई संचालक आदेशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और उड़न दस्तों की तैनाती की जाएगी। साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र नहीं होने दी जाएगी। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा सभी केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि परीक्षा शुरू होने पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पशुपालकों को बड़ी राहतः हर ब्लॉक में खुलेंगे पशु जन औषधि केन्द्र

## अब सस्ती और गुणवत्तापूर्ण पशु दवाएं होंगी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध

शाह टाइम्स

रामपुर। जनपद के पशुपालकों के लिए राहत भरी खबर है। पशुधन स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत अब जिले के हर ब्लॉक और शहरी क्षेत्र में पशु जन औषधि केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों के माध्यम से पशुओं के उपचार के लिए सस्ती, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि यह योजना भारत सरकार के पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित की जा रही है। पशुपालन विभाग ने इसके लिए जिलेभर में पशु जन औषधि केन्द्र खोलने की तैयारी शुरू कर दी है और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पशु जन औषधि केन्द्र संचालन के लिए आवेदक के पास फार्मासिस्ट का वैध पंजीकरण, न्यूनतम 120 वर्ग फुट दुकान का स्थान तथा ड्रग लाइसेंस होना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत आवेदन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि चयन के उपरांत 5,000 रुपये का शुल्क जमा करना होगा। चयन प्रक्रिया में प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केन्द्र या सरकारी समितियों से जुड़े पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने कहा कि पशु जन औषधि केन्द्रों की स्थापना से पशुपालकों को समय पर दवाएं मिल सकेंगी, जिससे पशुधन के स्वास्थ्य में सुधार, उत्पादन में वृद्धि और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इच्छुक आवेदक विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए पशुपालन विभाग के संबंधित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# सीएम डैशबोर्ड में रामपुर प्रदेश में अव्वल, कानून-व्यवस्था और शिकायत निस्तारण में नंबर वन

शाह टाइम्स

रामपुर। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग जनवरी-2026 में जनपद रामपुर ने एक बार फिर सम्पूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रामपुर को इस रैंकिंग में 86.70 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, जो जिले की सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और प्रभावी प्रशासनिक कार्यप्रणाली को दर्शाता है। अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद ने यह उपलब्धि हासिल की। गौरतलब है कि जुलाई 2024 से अब तक रामपुर 18 बार सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है, जबकि जून 2025 में जनपद दूसरे स्थान पर रहा था। लगातार शीर्ष स्थान पर बने रहना रामपुर पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली का प्रमाण माना जा रहा है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग 50 प्रमुख बिंदुओं पर आधारित होती है, जिनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति से जुड़े अपराध, महिला अपराध, जघन्य अपराधों में कार्रवाई, गैंगस्टर एवं एनडीपीएस अधिनियम, शिकायत निस्तारण, डायल-112 की प्रतिक्रिया, आईजीआरएस, सीसीटीएनएस, सत्यापन सेवाएं, अग्नि सुरक्षा एनओसी, चरित्र प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, साक्ष्य प्रस्तुतिकरण और विभिन्न अधिनियमों में निर्णित वाद शामिल हैं। शिकायतों के त्वरित निस्तारण, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और जनसेवाओं में पारदर्शिता के चलते जनपद रामपुर ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदेश में अपनी श्रेष्ठता साबित की है।

# सैफनी पुलिस ने एक नफर वारण्टी को किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स

सैफनी/रामपुर । थाना पुलिस ने मंगलवार को एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने न्यायालय से जारी वारण्ट के अनुपालन में तस्लीम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी कैम्प नंबर 02, ब्लाक नागलोई, थाना नागलोई, दिल्ली को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ वाद संख्या 624/25 (दण्डित प्रकरण भरण-पोषण वसूली) से संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन था, जिसमें उसके विरुद्ध नफर वारण्ट जारी किया गया था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी की।पुलिस के अनुसार, न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।पुलिस ने बताया कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# किसान यूनियन का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



शाह टाइम्स

रामपुर। किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को किसान यूनियन ने राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट को जिलाधिकारी के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने, पहाड़ी गेट स्थित इंदिरा आवासों को पट्टा जारी करने, नकली कृषि रसायनों की बिक्री पर रोक, आवारा कुत्तों को पकड़वाने और अनुसूचित जाति की जमीनों पर अवैध प्लाटिंग बंद कराने की मांग की गई। उस्मान अली पाशा ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल में तैनात कुछ डॉक्टर मनमानी कर रहे हैं और मरीजों को बाहर की महंगी जांच व दवाएं लिख रहे हैं। उन्होंने पहाड़ी गेट बगीचा आमना स्थित इंदिरा आवासों में बिजली कनेक्शन देने की भी मांग की। प्रदर्शन में फरहानूर, जुनैद खान, सुभान खान, बिलाल, नरेश कुमार, रमेश कुमार, कान्ता, जाबिर अली, कुसुम व जुबेदा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पहाड़ी गाँव में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन, 78 लोगों की जांच व परामर्श

शाह टाइम्स

रामपुर। पहाड़ी गाँव के पंचायत घर में 10 फरवरी 2026 को एक एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके घर के नजदीक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ, समय पर जांच और परामर्श उपलब्ध कराना रहा। शिविर के दौरान कुल 78 लोगों की काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही 78 लोगों की HIV एवं सिफिलिस (Syphilis) की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई सभी जांचों में कोई भी व्यक्ति रिएक्टिव नहीं पाया गया, जो क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त शिविर में 6 गर्भवती महिलाओं (ANC) की जांच की गई तथा 16 लोगों की टीबी (TB) जांच भी की गई। चिकित्सकों द्वारा सभी को आवश्यक परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य शिविर में कळळउ से काउंसलर प्रदीप एवं लैब टेक्नीशियन कैकाशा, डीएसआरसी शकील अहमद, चेतना सेवा संस्थान से कार्यक्रम प्रबंधक अंकित गुलाटी, एम एंड ई फैजान कुरैशी, काउंसलर बीना रस्तोगी, डीटीसी रामपुर से अखलाक, एसटीएस आदिल अली सहित आशा व आंगनवाड़ी कार्यकताओं की सक्रिय सहभागिता रही। सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने आपसी समन्वय से सेवाएँ प्रदान कर शिविर को सफल बनाया। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और इस प्रकार के आयोजनों को समुदाय के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की बात कही।

# सीओ और कोतवाली प्रभारी ने किया नगर का भ्रमण

## व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने और शांति बनाए रखने की अपील



शाह टाइम्स

शाहबाद/रामपुर । मंगलवार को क्षेत्राधिकार देवकीनंदन और कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने नगर का पैदल भ्रमण किया।इस दौरान क्षेत्राधिकार ने दुकानों के आगे अतिक्रमण देखा। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकान की सीमा के भीतर ही सामान रखने और भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने को कहा। कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने बाजार में लोगों से बातचीत की और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है,प्रभारी ने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने और एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आग्रह किया।

# सिंचाई बंधु की बैठक सम्पन्न, नहरों में समय से पानी छोड़ने के निर्देश



शाह टाइम्स

रामपुर। विकास भवन सभागार में उपाध्यक्ष सिंचाई बंधु राजकुमार चौहान की अध्यक्षता में सिंचाई बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की सभी नहरों में समयबद्ध रूप से पानी छोड़े जाने तथा खराब व अकार्यशील नलकूपों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उपाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के हित में सिंचाई व्यवस्था को सुचारु रखना आवश्यक है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि हो। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और निदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

# बीजेपी मंडल अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से राशन कार्ड जांच की मांग की



शाह टाइम्स

शाहबाद/रामपुर । भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष डॉ राशिद अल्वी ने की अपात्र और पत्र अंतोदय कार्ड की जांच करने की मांग उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि ग्राम चकरपुर भूड में 49 अंतोदय कार्ड हैं जिनमें से 10 से 15 कार्ड बिल्कुल ही आपात्र हैं कई बार शिकायत करने के बावजूद भी ग्राम विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कोई स्थलीय निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा है उन्होंने जिला अधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जांच कर पात्र व्यक्तियों के अंत्योदय कार्ड बनवाया जाए उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम चकरपुर भूड में एक कार्ड ऐसा भी है जो पिछले 6 साल से अपनी चल अचल संपत्ति बेचकर गांव से जा चुका है लेकिन फिर भी उसका राशन कार्ड गांव में चल रहा है कुछ लोग ऐसे हैं जिनके पास चार पहिया वाहन एवं 5 से दस बीघा जमीन भी है और उन्हें अंतोदय कार्ड जारी किए हुए हैं उन्होंने जांच कर पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड जारी कराए जाने की माननीय जिलाधिकारी से मांग की है।

# एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन




शाह टाइम्स

रामपुर । दिनांक 10.02.2026 को पहाड़ी गाँव के पंचायत घर में एक एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना एवं विभिन्न रोगों की समय पर जाँच एवं परामर्श प्रदान करना रहा। शिविर के दौरान कुल 78 लोगों की काउंसलिंग की गई। साथ ही 78 लोगों की HIV एवं सिफिलिस (Syphilis) की जाँच की गई। इसके अतिरिक्त 6 गर्भवती महिलाओं (ANC) की जाँच तथा 16 लोगों की टीबी (TB) की जाँच भी की गई। जिसमे कोई भी रिएक्टिव नहीं पाया गया` इस स्वास्थ्य शिविर में ICTC से काउंसलर प्रदीप एवं लैब टेक्नीशियन कैकाशा, डीएसआरसी शकील अहमद, चेतना सेवा संस्थान के कार्यक्रम प्रबंधक अंकित गुलाटी, एम एंड ई फैजान कुरैशी, काउंसलर बीना रस्तोगी तथा डीटीसी रामपुर से अखलाक, एसटीएस आदिल अली तथा आशा, आंगनवाड़ी की सक्रिय सहभागिता रही। सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने समन्वय के साथ सेवाएँ प्रदान कर शिविर को सफल बनाया। शिविर में आए लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और इस प्रकार के आयोजनों को समुदाय के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा सके ।

# सीओ के समर्थन में सोशल मीडिया अभियान, निष्पक्ष जांच की उठी मांग

शाह टाइम्स

मिलक। सोशल मीडिया पर जाति सूचक शब्दों के कथित प्रयोग से जुड़े वीडियो के वायरल होने के बाद सीओ राजवीर सिंह परिहार के समर्थन में सामाजिक एवं गैर सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग सामने आए हैं। फेसबुक सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और वीडियो साझा कर लोग उनके समर्थन में उच्च अधिकारियों से न्याय की अपील कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीते दिनों एक निजी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान सीओ द्वारा दिए गए भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें जाति विशेष को लेकर आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया गया। वीडियो वायरल होने के बाद सीओ ने इसे एडिटेड वीडियो बताते हुए साजिश के तहत बदनाम करने का प्रयास बताया था। मामले के तूल पकड़ने पर पुलिस अधीक्षक ने इसकी जांच अपर पुलिस अधीक्षक को सौंप दी है, जिस पर जांच प्रक्रिया जारी है। इसी बीच मंगलवार को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कई लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सीओ के पक्ष में अपनी बात रखी। समर्थकों का कहना है कि सीओ राजवीर सिंह परिहार की छवि एक कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारी की रही है और उन्हें जानबूझकर फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष घनवीर सिंह ने भी कार्यकताओं के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सीओ को न्याय दिलाने की मांग की।

# आगामी त्योहारों को लेकर नगर क्षेत्र में पीस कमेटी की गोष्ठी

## शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील




शाह टाइम्स

रामपुर। एसपी रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा नगर क्षेत्र के थाना गंज एवं सिविल लाइन परिसर में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी नगर ने लोगों से आपसी सहयोग बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री के प्रसारण से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित पैदल गश्त, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। क्षेत्राधिकारी नगर ने नागरिकों से किसी भी प्रकार की समस्या, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने का आग्रह किया। गोष्ठी सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## सीएमओ डॉ. दीपा सिंह के नेतृत्व में बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल दवा



शाह टाइम्स

रामपुर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (नेशनल डीवॉर्मिंग OXZ– NDD) के अवसर पर आज जनपद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई तथा उन्हें कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों और उससे बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राथमिक विद्यालय टलकाबाद से की गई, इसके उपरांत कम्पोजिट विद्यालय भगवानपुर में भी बच्चों को दवा दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाले शारीरिक नुकसान और दवा से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में मौजूद डॉ. आसिफ ने कृमि रोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को साफ-सफाई, नियमित हाथ धोने और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। वहीं डॉ. वतन कौर ने कृमि नाशक दवा के फायदे बताते हुए समय-समय पर दवा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वरी, एएनएम सुग्रीव, मीना देवी (आंगनवाड़ी कार्यकत्री), शिवरानी, आरिफ रजा (शिक्षक), राहुल दुबे, मोर सिंह, शराफत हुसैन, दीपा पाल एवं भावा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से सुरक्षित रखना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली और पोषण के प्रति जागरूक करना रहा। यह संपूर्ण अभियान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह के नेतृत्व में, डॉ. आसिफ एवं डॉ. वतन कौर द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के निर्देश

## हाईस्कूल के 28583 एवं इण्टरमीडिएट के 24694, कुल 51277 छात्र देंगे परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 को नकल. विहीन, शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को नगर के कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2026 तक संचालित होगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी, प्रथम पाली प्रात: 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2:00 बजे से 5:15 बजे तक होगी। जनपद में कुल 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनपर हाईस्कूल के 28583 एवं इण्टरमीडियेट के 24694, इस प्रकार कुल 51277 छात्र/छात्रा परीक्षा देंगे। डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि छात्र और छात्राओं की तलाशी के लिए अलग-अलग चेकिंग रूम बनाए जाएं, जहां छात्राओं की तलाशी महिला कर्मचारी तथा छात्रों की तलाशी पुरुष कर्मचारी द्वारा की जाए। उन्होंने स्टैटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि कल को केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं जांच लें अगर कहीं कोई कमी है तो समय रहते उसको दूर कराएं। बच्चों के लिए पीने के पानी और बैठने की सीट की उचित व्यवस्था की जाए। यदि परीक्षा के दौरान किसी छात्र की तबीयत खराब होती है तो प्राथमिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध रहे, परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, पंखे एवं बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ बिजली कटौती की स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था अनिवार्य रखने को कहा गया। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन एवं सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के बाद उनकी सुरक्षा एवं उत्तर पुस्तिकाओं की संपूर्ण जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की होगी। जिलाधिकारी ने सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा नकल करने या कराने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



# कल आयोजित होगा कौशल महोत्सव

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह की जयंती पर होगा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती पर 12 फरवरी को होने वाले कौशल महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में मुख्य

**■ केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी होंगे सम्मिलित**

अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी सम्मिलित होंगे। कौशल महोत्सव कार्यक्रम में युवाओं को रोजगार देने के लिए विभिन्न संस्थानों/इकाईयों के स्टॉल भी लगेंगे। यहां पर 55 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। यह आयोजन युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। युवाओं के साथ-साथ पूर्व सैनिकों के लिए भी विशेष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसी क्रम में कार्यक्रम स्थल पर किसान ट्रस्ट के तत्वावधान में पर एक विशेष नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मेदांता अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श देंगे। उन्होंने लोगों व युवाओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर नमित चौधरी, पुष्पराज सिंह, सुमित चौधरी एवं सुरेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे।



# मजदूर की मौत में सुपरवाइजर पर रिपोर्ट दर्ज

## बीते दिन लिफ्टिंग चैन टूटने से हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** स्टेट हाईवे स्थित रोस इंटरप्राइजेज आलू भंडारण कंपनी में हुए दर्दनाक हादसे में मजदूर की मौत के मामले में अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक के पिता शमशाद की तहरीर पर कंपनी में कार्यरत सुपरवाइजर आशीष कुमार के खिलाफ थाना बछरायूं में रिपोर्ट लिखी गई है।

बताया गया कि सोमवार शाम काम के दौरान क्रेन से भारी लोहे का पिलर उठाया जा रहा था। इसी दौरान लिफ्टिंग बेल्ट अचानक टूट गई और पिलर नीचे गिर पड़ा। उसकी चपेट में आकर मोहल्ला पीरजादगान निवासी करीब 28 वर्षीय अरशद पुत्र शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूर उसे तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया, जिसे पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता शमशाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा नोएडा के अंतर्गत सुपरवाइजर आशीष कुमार के साथ रोस कंपनी बछरायूं में काम कर रहा था। काम के दौरान लिफ्टिंग बेल्ट टूटने से यह हादसा हुआ, जिसमें उनके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हिन्दू वर्ग अपनी आबादी बढ़ाए: चव्हाण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर स्थित एमडीए कॉलोनी में आयोजित हिंदू सम्मेलन में हिंदु समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चव्हाण ने कहा कि देश में हिंदु लगातार घट रहा है। 09 राज्यों व एक हजार नगरों में हिंदू

**■ एमडीए कॉलोनी में हिन्दू सम्मेलन आयोजित**

अल्पसंख्यक हो गया है। उन्होंने हिंद. ओं से अपनी संख्या बढाने का आग्रह किया। देश व हिंदु धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने व बलिदान लेने की शपथ कराई और संकल्प भी कराया। गजरौला क्षेत्र के बलिदानियों के नाम गिनाए और लोगों से अपना इतिहास याद रखने को कहा। कहा कि सरकार होने के बाद भी बंगाल व कश्मीर से हिंदु भगाए गए और सब कुछ सरकार नहीं करती है। हमें भी अपनी सुरक्षा के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने गजरौला के कई मुहल्लों के नाम लेते हुए कहा कि आक्रमणकारियों के नाम पर मुहल्लों के नाम क्यों रखे गए हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शरद कुमार ने संघ की सौ वर्षो की यात्रा के बारे में बताया और पंच परिवर्तन के बारे में बताते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य व सामाजिक समरसता का पाठ पढाया। महामंडलेश्वर मनोज हरदास महाराज ने हिंदुत्व का इतिहास बताते हुए कहा कि हिंदु के मजबूत होने से ही भारत देश विकसित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेमपाल सिंह ने जातिवाद मिटाने का आहवान किया। कार्यक्रम की शुरूआत में जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर जिला संघचालक रणवीर सिंह, जिला प्रचारक योगेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, जगदीप सिंह सिद्धू, प्रदीप कुमार, अमरेन्द्र सिंह, अनुपम सिंघल, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, तेजपाल सिंह, चौ.महावीर सिंह, नेमपाल सिंह, कमल अग्रवाल, मगन सिंह, रामरतन सिंह, सुनील गुप्ता, नवीन गर्ग, गौरव चौधरी, सोनू गर्ग, सम्राट अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण गर्ग, उधम सिंह, आयुष चौधरी, निहार त्यागी, सतेन्द्र सिंह, पुस. विंदर सिंह, विपिन पंघाल, जोगेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।




# कीड़ों से बचाव को बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूलों में अध्यापकों के द्वारा आंगनवाडी सेन्टरों आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा एवं मदरसों में मदरसों के अध्यापकों द्वारा 01 वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों को एल्बेण्डाजोल की गोली खिलाई गई।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज अमरोहा मे बच्चो को एल्बेण्डाजोल की गोली खिलाकर किया गया। इस मोके पर डॉ0 योगेन्द्र सिहँ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी डॉ. जसकरन सिहँ गंगवार, श्रीमति स्नेहलता, विपुल कुमार, मुर्करब हुसैन, अहसान अली, याकूब अली, सरिता कन्नोजिया, श्रीमति माला कुशवाह व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे। डॉ0 योगेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि बच्चे बिना हाथ धोए अक्सर कुछ भी खा लेते हैं या नंगे पावं ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते है। जिससे उनके पेट मे कृमि विकसित हो जाते है यही कृमि एल्बेण्डाजोल की एक खुराक खाने से बच्चों के पेट से बाहर निकल जाते हैं या मर जाते है।

# कांग्रेसियों ने मनाई पायलट की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयों द्वारा कैंप कार्यालय सैद नगली पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता

भारत सरकार के पूर्व गृह राज्य मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट जी किसान, मजदूर, नौजवान की सशक्त आवाज थे। उन्होंने हमेशा किसानों मजदूरों नौजवानों के हितों की लिए संघर्ष किया पायलट जी हमेशा कहते थे जब तक किसानों के मजदूरों के बच्चे पढ़ लिखकर उन कुर्सियों पर नहीं बैठेंगे जहां से भारत के विकास के लिए नीतियां बनाई जाती हैं। तब तक सही मायनों में भारत का विकास नहीं होगा। भारत के गृह राज्य मंत्री रहते हुए उन्होंने पूरे भारत में नकल्सवाद को आतंकवाद को खत्म किया। अपने प्राणों की परवाह किए बगैर भारत की सेना के साथ जाकर आतंकवाद का सफाया किया। निर्भीकता और निडरता और भारत माता के प्रति प्रेम उनके रोम रोम में बसा था केंद्र की भाजपा सरकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को स्वर्गीय राजेश पायलट को भारत रत्न सम्मान प्रदान करना चाहिये। स्वर्गीय राजेश पायलट भी भारत रत्न सम्मान पाने के पूरे अधिकारी हैं क्योंकि उन्होंने भारत के विकास के लिए शांति के लिए उत्थान के लिए किसानों मजदूरों नौजवानों के लिए पिछड़ों के लिए दलितों के लिए वंं. चतों के लिए शोषित वर्ग के लिए हमेशा कार्य किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, डॉक्टर अहमद, राजपाल सैनी हसनपुर ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर, मनोज कटारिया, सोनू पाल मकसूर अंसारी हरस्वरूप प्रधान, दीपक गौतम ललित चौधरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भाषण में माचिका व निबंध में मोना रहीं प्रथम

## भाषण में माचिका व निबंध में मोना प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब अमरोहा द्वारा 'अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन खंडसाल कलां स्थित राणा सिंह मैमोरियल सिख इंटर कॉलेज में किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता एवं वैज्ञानिक व्याख्यान में प्रतिभाग किया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरेंद्र सिंह

**■ राणा सिंह मैमोरियल कॉलेज में हुआ आयोजन**

ढिल्लों हमें अंधविश्वास और पाखंड से दूर रहते हुए भविष्य में अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार नौगावां सादात लकी सिंह ने कहा कि जहां विज्ञान नहीं वहीं, अंधविश्वास जन्म लेता है, इसलिए हमें विज्ञान को बारीकी से समझना चाहिए। हमें जीवन में कामयाब होने के लिए अंधविश्वास से दूर रहना होगा। **भाषण प्रतियोगिता** में माचिका प्रथम, यशप्रीत द्वितीय व चाहत तृतीय रहे। **निबंध प्रतियोगिता** में मोना प्रथम, कशिश चौहान द्वितीय व विवेक तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में विक्रांत चौहान,मंजीत सिंह, अरशद फारूकी रहे। कार्यक्रम में सम्भल से आए विज्ञान संचारक राजू यादव ने अंधविश्वास को प्रयोगात्मक रूप में विस्तार पूर्वक समझाया, जिसमें उन्होंने पानी से दीपक जलाना, छलनी में पानी रो. कना, मुंह से आग निकलना, वस्तुओं को गायब करना आदि प्रयोग को करके दिखाया और उनका वैज्ञानिक आधार बताया। इस मौके पर विज्ञान संचारक संतराम सिंह यादव, प्रधानाचार्य अजय कुमार, क्लब के समन्वयक शाने हैदर, पिंकल सिद्धू राकेश कुमार, मोहन सिंह, तरुण कुमार, नरेंद्र यादव,फाखिर गजाली, अरशद नवाज, कोषाध्यक्ष हुसैन मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।




■ अमरोहा।प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

# 'कौशल प्रशिक्षण' महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन हेतु नाबार्ड और

**■ बीस दिवसीय प्रशिक्षण के बाद वितरित किए गए प्रमाण पत्र**

स्पर्श सोशल फाउंडेशन की पहल के अन्तर्गत 60 महिलाओं को उन्नत सिलाई एवं फैशन डिजाइनिंग के बीस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

बता दें कि नाबार्ड और स्पर्श के तत्वाधान में 13 जनवरी से 02 फरवरी तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को कौशल विकास के साथ साथ व्यवसाय प्रबंधन व एक्सपोजर विजिट का कार्यक्रम भी रखा गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि, कौशल आधारित प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। जिला प्रशासन स्वयं सहायता समूहों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने के लिए पूरी तरह प्रतिवद्ध है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रजत सहगल ने कहा कि, जनपद में नाबार्ड के सहयोग से दो महिला आधारित एफपीओ सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जिनका टर्नओवर 01 करोड़ रुपये से अधिक है। इसी तरह सिलाई कढ़ाई के भी समूह बनाकर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नाबार्ड प्रयासरत है। इस मौके पर पीडी-डीआरडीए अम्बरीश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक रामेंद्र सिंह, उमंग डेयरी से प्लांट हैड आरपी सिंह, एवं मैनेजर एचआर अबोध कौशिक के साथ साथ स्पर्श सोशल फाउंडेशन के सीनियर मैनेजर एस.आनंद एवं सहायक प्रबंधक कृष्ण गोपाल, शिव प्रसाद, दिनेश मैहर, अरविंद, सुमन, मीनू एवं हेमंत उपस्थित रहे।



# कालेज गयी छात्रा प्रेमी के साथ हुई फरार

## पिता की तहरीर पर युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कॉलेज से घर लौट रही बीएससी की छात्रा रास्ते से प्रेमी संग फरार हो गई। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बहलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। युवती की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले किसान की बेटी शहर की एक डिग्री कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। किसान की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक बीती 2 फरवरी को उनकी बेटी कॉलेज गई थी लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने कॉलेज जाकर पता किया तो छात्रा के दोपहर में लगभग 12 से एक के कॉलेज से जाने की बात सामने आई। किसान का आरोप है कि उनकी बेटी को क्षेत्र के गांव भटपुरा सकैनिया का रहने वाला युवक कमल बहलाकर ले गया है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी कमल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती को जल्द ही बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, गांव में दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते ही छात्र प्रेमी के साथ फरार हुई है।

# दाह संस्कार में आया अधेड़ गंगा में डूबा

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**ढवारसी।** थाना आदमपुर क्षेत्र के ग्राम खाजेपुर के सामने गंगा नदी में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। दोपहर करीब तीन बजे राकेश उम्र 50 वर्ष पुत्र महिपाल सिंह, निवासी दढियाल गंगा में डूबकर लापता हो गए। वह ग्राम दढियाल निवासी बाला उम्र 95 वर्ष पत्नी स्वर्गीय प्रभु सिंह के निधन के बाद उनके दाह संस्कार में शामिल होने घाट पर पहुंचे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंतिम संस्कार के बाद राकेश गंगा किनारे अन्य लोगों के साथ गंगा में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह अचानक गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते वह तेज बहाव की चपेट में आ गए और कुछ ही क्षणों में पानी में ओझल हो गए। घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर उन्हें बचाने का प्रयास किया। कुछ लोगों ने गंगा में उतरकर तलाश भी की, लेकिन तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिल सकी। सूचना मिलने पर थाना आदमपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया। पुलिस द्वारा देर शाम तक गंगा में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक राकेश का कोई सुराग नहीं लग सका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से गंगा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, चेतावनी बोर्ड लगाने तथा गोताखोरों की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

# 25 हजार के ईनामी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

## न्यायिक कर्मी राशिद की हत्या में है नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पेशकार राशिद हुसैन की हत्या के मामले में फरार 25 हजार रुपये के इनामी नवाजिश के घर पर डिडौली पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव में मुनादी कराई है तथा दस दिन के भीतर हाजिर नहीं होने पर अगली कार्रवाई की चेतावनी दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन सिविल जज जूनियर डिवीजन की कोर्ट में पेशकार थे। बीती 11 जनवरी की दोपहर राशिद हुसैन कार में सवार होकर मुरादाबाद के गांव पट्टी स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। उनके साथ में पत्नी रुखसार और भतीजे सलमान के अलावा तीन बच्चे भी थे। जब उनकी कार बंबूगढ़ से आगे पतकोई-हुसैनपुर की पुलिया के पास पहुंची तो गलत दिशा से आ रही बाइक की ओवरटेक करते समय कार से मामूली टक्कर हो गई थी। बाइक सवार लोगों ने फोन कर गांव से अन्य लोगों को बुला लिया था। लगभग तीन किमी पीछा कर कार को हाईवे पर घेर लिया था। हमलवारों ने कार चला रहे राशिद हुसैन को पत्नी और बच्चों के सामने बेहरमी से पीटा था, हमले गंभीर घायल राशिद हुसैन की उपचार को ले जाते समय मृत्यु हो गई थी। मामले में चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। घटना में गांव हुसैनपुर का रहने वाला कलीम मुख्य आरोपी था। पुलिस ने कलीम की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद 12 घंटे के भीतर पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। वहीं, पुलिस इससे पहले नामजद आरोपी शान को पकड़कर जेल भेज चुकी थी। घटना में शामिल संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव इटायला माफी का रहने वाले नवाजिश की गिरफ्तारी पर भी एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस का दावा है कि नवाजिश ही मुख्य आरोपी कलीम को अपनी बाइक पर बैठाकर घटनास्थल पर पहुंचा था। नवाजिश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए कलीम का बहनोई है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने आरोपी नवाजिश के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा करने की पुष्टि की। बताया कि आरोपी अगर दस दिन के भीतर हाजिर नहीं होता है तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बंदरों के हमले में छत से गिरी महिला, मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** दूसरी मंजिल पर बने घर के आंगन में चारपाई पर बैठी महिला पर अचानक बंदरों ने हमला कर दिया। जिससे महिला नीचे गिर गयी। घायल हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कालाचोड़ा निवासी स्व. जयप्रकाश की पत्नी गीता शर्मा मंगलवार को अपने घर की दूसरी मंजिल पर बने आंगन में चारपाई पर बैठी थी। इस दौरान वहां कई बंदर आ गये तथा उन्होंने महिला पर हमला कर दिया। जिससे डरकर महिला भागने लगी। पैर फिसलने से महिला छत से गिर गयी। जिससे उसके काफी चोट आयी। परिजन महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे परन्तु वहां पहुंचने से पहले की गीता शर्मा की मौत हो गयी।

## खेल विशेष

### लखनऊ प्रीमियर लीग में मिलेगी स्थानीय खिलाड़ियों को प्राथमिकता

**लखनऊ, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित लखनऊ प्रीमियर लीग अब उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित की जाएगी। नए प्रारूप के तहत प्रत्येक फ्रेंचाइजी की 20 सदस्यीय टीम में अधिकतम 18 खिलाड़ी लखनऊ के या लखनऊ में पंजीकृत होकर ट्रायल देने वाले होंगे, जबकि केवल दो खिलाड़ी बाहर के शामिल किए जा सकेंगे। लीग अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सात मार्च से शुरू होगी। बीबीडी बैडमिंटन अकादमी स्थित सीएएल मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सीएएल अध्यक्ष ने की। इस दौरान लीग कमिश्नर एसपी मिश्रा, सीएएल सचिव केएम खान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ- सहगल ने बताया कि यूपीसीए द्वारा यूपीटी-20 लीग के लिए जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर ही एलपीएल का संचालन होगा और टीम चयन प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्व में हुई खिलाड़ियों की नीलामी के आधार पर गठित टीमों में संशोधन किया जाएगा। लखनऊ से बाहर के खिलाड़ियों में से प्रत्येक फेंच. इजी केवल दो खिलाड़ियों को ही रख सकेगी। शेष स्थानों पर पूर्व सूची में शामिल स्थानीय खिलाड़ियों को अवसर दिया जाएगा। जो खिलाड़ी लखनऊ में पंजीकरण कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के ट्रायल देते हैं, उन्हें स्थानीय माना जाएगा, जबकि स्थानीय खिलाड़ी यदि अन्य जिले से पंजीकृत हैं तो उन्हें लखनऊ का खिलाड़ी नहीं माना जाएगा। एलपीएल की संचालन समिति और फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ बुधवार को बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में बैठक होगी, जिसमें नए प्रारूप की जानकारी दी जाएगी।

# पाक ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला वापस लिया





- **पाक सरकार ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए उन्होंने पाक टीम को भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति दी**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच में उनकी टीम के बहिष्कार के फैसले को वापस ले लिया है। पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए, उन्होंने पाकिस्तान टीम को भारत के खिलाफ मैच खेलने की अनुमति दे दी है। पाकिस्तान सरकार के भारत के खिलाफ मैच के बहिषकार के फैसले को वापस लेने को लेकर पिछले कुछ दिनों में पीसीबी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड(बीसीबी) और अंतर्राष्टीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बीच बैठकों का सिलसिला जारी था। आर्थिक नजरिए से यह इस विश्व कप का सबसे अधिक आर्थिक रूप से लाभकारी मैच है। सोमवार शाम को पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच पर फ़ैसला अगले 24-48 घंटों में आ सकता है। इससे कुछ मिनट पहले आईसीसी ने भी एक बयान जारी किया, जिसमें उसने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख नरम अख्तियार करते हुए कहा कि बांग्लादेश टीम पर टी-20 विश्वकप के लिए भारत की यात्रा से इनकार करने पर कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा, उन्हें 2028-2031 चरण में एक अतिरिक्त आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार भी दिए गए।

## आईसीसी के दखल से पाकिस्तान का भारत के साथ खेलना सुनिश्चित हुआ: राजीव शुक्ला



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के हिस्सा लेने से जुड़े मसलों को सुलझाने में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए इसे एक ष्बड़ी कामयाबीष और सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए फायदे का सौदा बताया। लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ आईसीसी के प्रतिनिधियों की बातचीत के नतीजे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्ला ने कहा कि क्रिकेट के खेल को प्राथमिकता देकर एक दोस्ताना हल निकाल लिया गया है। शुक्ला ने कहा कि मैं आईसीसी के प्रतिनिधियों द्वारा शुरू की गई बातचीत का नतीजा देखकर बहुत खुश हूं, जो लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बात करने गए थे। यह एक अच्छा हल है, एक दोस्ताना हल है जो क्रिकेट को प्राथमिकता और खेल को अहमियत देने के लिए निकाला गया है। उन्होंने पहल करने और सभी पार्टियों को कामयाबी से बातचीत की टेबल पर लाने के लिए आईसीसी की तारीफ करते हुए कहा कि यह पहल करने, इस मुद्दे को सुलझाने और क्रिकेट को फिर से सबसे आगे लाने के लिए आईसीसी को बहुत-बहुत बधाई। यह एक बड़ी कामयाबी है। उन्होंने कहा यह हम सभी के लिए अच्छी खबर है।

## भारत-पाक मैच सुनिश्चित करने के लिए शहबाज को दिया धन्यवाद



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व में हाई-वोल्टेज इंडिया-पाक मैच को सुनिश्चित करने के पाकिस्तान के फैसले का स्वागत करते पीएम शहबाज शरीफ को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में, दिसानायके ने टूर्नामेंट को जारी रखने की उनकी कोशिशों के लिए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और दूसरी संबंधित अथॉरिटीज का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री शहबाज, आपका धन्यवाद कि आपने यह सुश्निचित किया कि जिस खेल से हम सभी प्यार करते हैं, वह चलता रहे। खुशी है कि कोलंबो में चल रहे टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाक का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा मैच तय समय पर होगा। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के को-होस्ट के तौर पर, श्रीलंका आईसीसी और सभी संबंधित लोगों को उनकी कोशिशों के लिए धन्यवाद देता है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा द. अफ्रीका

### अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए मैच जीतना चाहेगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा। वहीं अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिदा रखने के लिए यह मैच जीतना चाहेगा।

दक्षिण अफ्रीका कनाडा पर बड़ी जीत के बाद अंक तालिका में अभी बेहतर नेट रन रेट के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड से हार के बाद स्टैंडिग में चौथे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीदों को ज़िदा रखने के लिए जीतना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जबरदस्त फ़ॉर्म में है। सलामी बल्लेबाज क्विटन डी कॉक ने पिछली तीन पारियों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 56 की एवरेज से रन बनाए हैं। कप्तान एडन मारक्रम भी शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यमक्रम और डेथ ओवरों में फिनिशिग क्षमता रखते है। कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मार्को यानसन की पेस तिकड़ी दक्षिण अफ्रीकी टीम को मजबूती देती है, हालांकि रबाडा हाल के मैचों में काफी महंगे रहे हैं।

वहीं अफगानिस्तान अपनी स्पिन जोड़ी राशिद खान और मुजीब उर रहमान पर भरोसा करेगा ताकि दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक बल्लेबाजी को रोका जा सके। मुजीब ने पिछले चार मैचों में 12 के स्ट्राइक रेट से आठ विकेट लिए हैं, जबकि राशिद बीच के ओवरों में अहम गेंदबाज बने हुए हैं। हालांकि, अफगानिस्तान की डेथ बॉलिग को लेकर चिंता बनी हुई है, जिसकी वजह से हाल के मैचों में उन्हें जरूरी रन गंवाने पड़े हैं। अनुभवी टॉलराउंडर गुलबदीन नायब ने अफगानिस्तान के पिछले मैच में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। रहमानुल्लाह गुरबाज पर टॉप पर अच्छी शुरुआत देने का दबाव होगा।

# नीदरलैंड ने नामीबिया को हराया

**नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रना बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** बास डलीडे ( दो विकेट और नाबाद 72 ) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 10वें मुकाबले में नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसका पहला विकेट तीसरे ओवर में मैक्स ओ' डाउड (सात) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बास डलीडे ने माइकल लेविट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़े। छठें ओवर में बर्नार्ड शोल्ज ने माइकल लेविट को आउटकर नीदरलैंड्स को दूसरा झटका दिया। लेविट ने 15 गेंदों में तीन छक्के एक चौका लगाते हुए 28 रनों की पारी खेली। कॉलिन ऐकरमैन (32) रन 14वें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। बास डलीडे ने 48 गें. दों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 72 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नौ गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 18 रन बनाए। नामीबिया के लिए बर्नार्ड शोल्ज, रुबेन ट्रम्पलमन और निकोल लॉफ्टी-ईटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) और यान फयलिक (30) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर नामीबिया ने नीदरलैंड्स के खिलाफ आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।नीलदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में लॉरेन स्टीनकैंप (छह) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए निकोल लॉफ्टी-ईटन ने यान फ्रायलिक के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 10वें ओवर में लोगन वैन बीक ने 26 गेंदों में 30 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 13वें ओवर में बास डलीडे ने कप्तान एराडे इरास्मस नौ गेंदों में 18 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया।



## आकृति दहिया ने निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की आकृति दहिया ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की व्यक्तगित 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। यहां डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में मुकाबला करते हुए, 24 साल की निशानेबाज ने नीलिग, प्रोन और स्टैंडिग राउंड के बाद कुल 354-2 का स्कोर किया। कजाकिस्तान की सिर्फ 18 साल की सोफिया शुलजेन्को ने 358-2 के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दो बार की ओलंपियन भारत की अंजुम मौदगिल ने 340-4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। एक और भारतीय निशानेबाज, आशी चौकसे, पोडियम फिनिश से चूक गईं, कुल 330-9 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले, मौदगिल, चौकसे और दहिया ने मिलकर टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1756 (86) स्कोर किया। कजाकिस्तान 1760 (90) के साथ टीम स्टैंडिग में टॉप पर रहा, जबकि जापान ने 1730 (69) के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में, विदरसा विनोद 590 (35) के साथ स्टैंडिंग में टॉप पर रहे, लेकिन केवल रैंकिग पॉइंट्स के लिए मुकाबला कर रहे थे। अंजुम 587 (30) के साथ तीसरे, आशी चौकसे 586 (32) के साथ पांचवें और आकृति दहिया 583 (24) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। आयुषी पोद्दार 582 (20) के साथ नौवें स्थान पर रहीं, उन्होंने भी आरपीओ के लिए निशानेबाजी की। आज के जीते पदकों के साथ, चैंपियनशिप में भारत के मेडल की संख्या 18 हो गई है।

# इंग्लैंड को चुनौती देने को तैयार विंडीज



- **यह केवल एक मैच नहीं, बल्कि हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवे के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि विंडीज हमेशा क्रिकेट की धड़कन क्यों रही**

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज की टीम बुधवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में इंग्लैंड की मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए तैयार है। इंग्लैंड कागज पर भले ही पसंदीदा टीम हो, इस साल चार मैचों में हारा नहीं है और कैरिबियन पर हाल ही में जीत का इतिहास रहा है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में और खासकर जब वेस्टइंडीज अपने सबसे अच्छे फॉर्म में हो, तो कुछ भी हो सकता है। यह केवल एक मैच नहीं है, यह शिमरोन हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवेल के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि वेस्टइंडीज हमेशा से क्रिकेट की धड़कन क्यों रही है। बल्लेबाजी की बात की जाए तो हेटमायर और शाई होप लगातार अच्छा खेल रहे हैं। शाई होप ने इस सीजन में दस पारियों में 264 रन बनाए हैं, और बड़े हिटर्स के आने से पहले शांति से पारी को आगे बढ़ा रहे हैं। रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच के ओवर्स में जबरदस्त फॉर्म में हैं, जो कुछ ही गेंदों में मैच का पासा पलट सकते हैं और निचले क्रम में जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को कम मत समझिए। वे एक ही ओवर में जबरदस्त प्रदर्शन करके हार के मुंह से जीत छीन सकते हैं। वेस्टइंडीज की गें. दबाजी भी उतनी ही खतरनाक है। स्कॉटलैंड के खिलाफ शेफर्ड के पांच विकेट और होल्डर की आईपीएल में भारतीय विकेटों पर पक्की स्किल्स उन्हें असली खतरा बनाती हैं, जबकि स्पिनर अकील होसेन और गुडाकेश मोती ऐसी चालाकी और स्पिन लाते हैं जो इंग्लैंड के बड़े खिलाड़ियों को भी चकमा दे सकती है। कल रात की हर गेंद खतरनाक होगी। इंग्लैंड इस मैच में नेपाल को एक बहुत करीबी ओपनर में हराने के बाद उतरेगा। उनके बैटिग लाइनअप में फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर है। सॉल्ट के अटैकिग स्ट्रोकप्ले और बटलर की किसी भी सिचुएशन में तेजी लाने की काबिलियत ने इंग्लैंड को लगातार तेज शुरुआत दी है, जिससे मध्यमक्रम को फायदा उठाने का मौका मिला है। जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक बीच के ओवरों में मजबूती देते हैं और अच्छा स्कोरिग रेट बनाए रखते हैं, जिससे यह पक्का होता है कि इंग्लैंड कभी भी बढ़त न खोए। बेथेल ने पहले मैच में 35 गेंदों पर 55 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, जबरदस्त फॉर्म में हैं, और टाइमिग और पावर को मिलाकर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ब्रूक का निडर अप्रोच, जो अपने पिछले मैच में 165-62 की स्ट्राइक रेट से खेले, इंग्लैंड की अग्रेसिव सोच को पूरा करता है, जबकि टॉम बैंटन अपनी मर्ज़ी से बाउंड्री पार करने की काबि. लियत से एक्स्ट्रा फायरपावर देते हैं। सैम करन और विल जैक्स की आखिरी गेंद पर जोड़ी गहराई और तेजी लाती है, जो पहले से ही मुश्किल स्कोर को एक मुश्किल लक्ष्य में बदल सकती है।

# आंध्र प्रदेश को हराकर बंगाल रणजी के सेमीफाइनल में

- **बंगाल ने आंध्र प्रदेश को 90 रनों से हराकर 19वीं बार रणजी के सेमीफाइनल में जगह बनाई**



**कल्याणी, वार्ता।** शाहबाज अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश पर 90 रनों से जीत दर्ज करते हुए रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइल में 19वीं बार जगह बना ली है।

बंगाल के लिए 299 रनों की पारी खेलने वाले सुदीप कुमार घरामी को 'प्लेयर टॉफ द मैच' से नवाजा गया। आज यहां आध्र प्रदेश ने कल के तीन विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरु किया। शाहबाज अहमद ने सुबह के सत्र में कप्तान रिकी भुई (30) को आउटकर बंगाल को चौथी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में सूरज सिधु जायसवाल ने के वी शशिकांत को खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया। सौरभ कुमार (एक) शाहबाज का शिकार बने। कालीडिडी (25) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए त्रिपुराणा विजय ने नीतीश कुमार रेड्डी के साथ आठवें विकेट के लिए 85 रन जोड़े और बंगाल के गेंदबाजों के परेशान रखा। 72वें ओवर में शाहबाज ने शतक की ओर बढ़ रहे नीतीश कुमार रेड्डी को अपनी ही गेंद पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। नीतीश कुमार रेड्डी ने 144 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में सुमंता गुप्ता ने त्रिपुराणा विजय (46) को आउट कर 244 के स्कोर पर आध्रप्रदेश की दूसरी पारी का अंत कर मुकाबला 90 रनों से अपने नाम कर लिया। बंगाल के लिए शाहबाज अहमद ने चार विकेट लिए। सूरज सिधु जायसवाल को दो विकेट मिले। आकाश दीप, सुमंता और अनुस्तुप ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। आप्र ने पहली पारी में 295 रन का स्कोर बनाया था। बंगाल ने पहली पारी में 629 रनों का स्कोर खड़ा किया था।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा

**टी-20 विश्व कप के 11वें मैच में यूएई को 28 गेंदें शेष रहते बिना कोई विकेट गवाएं जीते कीवी**



**चेन्नई, वार्ता।** टिम साइफर्ट (नाबाद 89 ) और फिन ऐलन (नाबाद 84) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 28 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से रौंद दिया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने यूएई के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 15-2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 175 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली।

फिन ऐलन और साइफर्ट के बीच 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई। फिन ऐलन ने 50 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नबााद 84 रन बनाये। इससे पहले कप्तान मुहम्मद वसीम (नाबाद 66) और आलीशान शराफु (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 173 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यूएई की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आर्यंष शर्मा (आठ) का विकेट गंवा दिये।

इसके बाद मुहम्मद वसीम और आलीशान शराफु की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। 15वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने आल. ीशान शराफु को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रनों की पारी खेली। मयंक कुमार 13 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुये। इसके अलावा हर्षित कौशिक (दो), सोहैब खान (सात) और मुहम्मद इरफान (शून्य) पर आउट हुये। यूएई ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने दो विकेट लिए। जेकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में अविश्वास प्रस्ताव

यह देखना बेहद दुखद है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद में टकराव बढ़ता जा रहा है और अब यह टकराव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला को पद से हटाने तक पहुंच गया है। कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा। कांग्रेस सूत्रों की मानें, तो नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि 1:15 मिनट पर उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। जबकि अविश्वास प्रस्ताव के लिए केवल 50 की जरूरत होती है। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध नोटिस पर उसमें लगाए गए आरोपों की जांच होगी और नियमानुसार जांच के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्रवाई को लेकर सचिवालय विचार करेगा। नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला सदन की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। सत्ता पक्ष के सदस्यों को सदन में पर्याप्त समय बोलने का दिया जाता है जबकि विपक्षों को बार-बार अनावश्यक रूप से रोका टोका जाता है। नोटिस में 2 फरवरी के दिन का भी जिक्र किया गया है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। नोटिस में इस बात को उठाया गया है कि किस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री के न आने का कारण बताया गया था। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर केसी वेणुगोपाल का है जबकि दूसरे पर द्रमुक के टीआर बालू का और तीसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव हैं। नोटिस की प्रतिक्रिया में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे पर सदन में नहीं आने की बात कही है। जहां विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष को उनकी कार्यप्रणाली को लेकर कटघरे में खड़ा कर रहा है, वहीं भाजपा उनके साथ पूरी तरह खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा सांसद संबिद पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। यह आरोप-प्रत्यारोप तो चलते रहेंगे, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि संसद का नजारा आजकल जिस तरह देखने में आता है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे लोकतंत्र को बुरी तरह प्रभावित करने वाला है। हमारे माननीयों को लगता है कि अब किसी बात की चिंता नहीं रह गई है और वह अपने हितों को ही सर्वोपरि मानकर आगे बढ़ रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो संसद सुचारू रूप से चले, इसका इंतजाम अब तक हो चुका होता। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी संसद न चलने को समान रूप से जिम्मेदार हैं, लेकिन यहां यह कहना जरूरी है कि संसद सुचारू रूप से चले इसकी सबसे जिम्मेदार सरकार की होती है।

## किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा



खेती से जुड़ी हर चीज विदेश से आएगी, तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा, ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा, जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा, तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा, आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है, किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती, सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है, कभी भूमि अधिग्रहण के नाम पर खेती छीनने की साजिश रची जाती है, कभी काले कानूनों के जरिए किसानों को संकट में धकेला जाता है। **–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# तोड़ डाले 1.5 लाख आशियाने और टियर्स टूरिज्म



पवन सिंह

एक घर था, पांव फैलाने लायक, कब्र जितनी जगह थी, 70 से 100 साल पुराना मोहल्ला कालोनी थी। मलिन ही सही। एक बस्ती, बसती थी। फिर हुकूमत बदली। अच्छे दिन आएी लोगों को तालियां बजाकर भजन गाने में लगा दिया गया। इसी बीच गिद्धों के साथ लोमड़ियों और भेड़ियों (नेता, लालफीता कौम व धन्नासेठों) की बैठकें हुईं। फिर न उनको इंसान दिखा, न आशियां दिखा और कुछ ही सालों में 1 लाख 50 हजार बस्तियां जमींदोज कर दी गईं। बेजान बुतों को विशालकाय आशियाना देने के नाम पर। इंसानी बस्तियों को नादिरशाही अंदाज में रौंद कर पार्क बनाने के नाम पर और कहीं किसी पूंजीपति के लिए आलीशान अट्टालिकाएं बनाने के नाम पर। बस्तियां टूटती रहीं, लोग बिलखते रहे, बच्चे अपनी बिखरी किताबों और टूटे स्कूल बैग को समेटते रहे, खाए-पिए-अभागे लोग उल्टा ठीकरा बस्तियों पर ही फोड़ते रहे और गुलाम मीडिया कातिल को ही रहनुमा व मुंसिफ बताता रहा। कुछ ही सालों में 7 लाख 40 हजार लोग खुले आसमां के तले आ गए।

हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क यानी की रिपोर्ट बताती है कि देश में वर्ष, 2022- 2023 के मध्य करीब 1 लाख 50 हजार बस्तियां तोड़ दी गईं। देखते-देखते 7 लाख 40 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। सबसे बड़ी बात तो यह है कि विध्वंस की 95 प्रतिशत यह कार्रवाई गोबर पट्टी राज्यों में हुई। बस एक नोटिस। न कोर्ट, न डेट्स, न जज, न वकील, न तकरीर। एक फरमान। बुल्डोजर और हथियार बंद सिपाही। अंग्रेजी हुकूमत में भी फांसी पर चढ़ने वालों को न्यायालय की दहलीज तक का सफर तय करने का मौका मिलता था, लेकिन उनके मुखबिरों ने यह सुविधा तक छीन ली। अतिक्रमण हटाने व तथाकथित विकास योजनाओं के नाम पर आशियाने उजाड़ दिए गए। लोगों ने रील्स बनाईं। विध्वंस इन्ज्वाय किया। गरीबों के आंसुओं का टियर्स टूरिज्म जैसा आनंद लिया और बात खत्म हुई।

लखनऊ से किस्सागोई करते हैं। एक था अकबर नगर। इसका नाम ही इसका काल बना। वरना जो अकबर नगर बस्ती मुख्य रूप से 1970 से बसनी शुरू हुई थी, उस वक्त लखनऊ विकास प्राधिकरण का गर्भकाल भी आरंभ नहीं हुआ था। लखनऊ विकास प्राधिकरण 1974 में बना और तब तक कुकरैल नदी के किनारे इस तथाकथित अवैध बस्ती का जन्म हो चुका था। बस्ती तथाकथित अवैध थी, लेकिन राशनकार्ड वैध थे। सांसद, विधायक निधि से अंदर बनाई गई नालियां व गलियां वैध थीं। बिजली के कनेक्शन वैध थे। हाऊस टैक्स वैध था और बिजली विभाग के खंभे वैध थे, लेकिन बस्ती अवैध थी। इस बस्ती में ग्रेड थर्ड और ग्रेड-टू के तथाकथित हिन्दुओं की, मुस्लिमों के साथ मिश्रित आबादी थी। आशियाने पर, नाम अकबर भारी पड़ गया और घरों पर पार्क तामीर करवा दिया गया। 1 हजार 800 घर मटियामेट कर दिए गए। लेकिन वहीं पंत नगर बख्श दिया गया। वैसे लोग कहते हैं नाम में क्या रखा है। तोड़ने ही थे आशियाने तो पहले गरीबों का बंदोबस्त कर देते। शहर से दूर ले जाकर कूड़े-कचरे की तरह फेंक दिए गए। कहने को कुछ लाख का आवास दे दिया गया, लेकिन वह भी मुफ्त नहीं। पैसा भरना होगा। बस्ती बसने क्यों दी। किसने बसाई। कौन जिम्मेदार है। बुल्डोजर ने कुछ नहीं देखा। त्वरित न्याय। इसके बाद लखनऊ के सैरपुर पलहरी गांव, मोहन रोड कलिया खेड़ा, अमौसी और काकोरी में विकास का बुलडोजर आया, बिजनौर, सोनई कंजेरा, कल्ली पश्चिम, और भरवारा सहित कई अन्य इलाकों में भी 12 से अधिक अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चल गया। सवाल वही कि इतना ईमानदार प्रशासन ने ऐसे प्लाटों व मकानों की रजिस्ट्री कैसे होने दी गई। राजस्व विभाग हर साल गरीब जनता की करोड़ों की स्टांप ड्यूटी कैसे चबा जाता है? रजिस्ट्री ही न होने पाए ऐसी गलती के लिए आम आदमी क्यों भुगते। खैर एक बड़ा तबका खुश हुआ, जिसे विध्वंस पर, लाशों पर, तबाही पर, नफरत पर, हत्याओं पर। खुश होने के लिए इतने सालों में तैयार किया गया था। लेकिन इस खुश तबके के घर और दुकानें भी अब जद में आ चुकी हैं, क्योंकि गिद्धों को नोचना आता है। अब गिद्धों-लोमडियों-भेड़ियों की तिकड़ी आप के घरों और दुकानों की ओर है। बनारस की दाल मंडी और अयोध्या का सौंदईकरण, मेरठ के बाजार और दिल्ली की बस्तियां। यहीं पर वसीम बरेलवी साहेब का शेर याद आता है-

जलते घर को देखने वालों फूस का छप्पर आपका है

आपके पीछे तेज हवा है आगे मुकद्दर आपका है।

उस के कत्ल पे मैं भी चुप था मेरा नम्बर अब आया।

मेरे कत्ल पे आप भी चुप है अगला नम्बर आपका है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने भी विगत तीन वर्षों में 5,000 से अधिक घर तोड़ डाले और एक विध्वंस की कालिख पर लिखा-अतिक्रमण व अवैध बैनर टांगा-विकास परियोजनाएं। बनारस में मंदिर, सुंदरीकरण व कॉरिडोर निर्माण काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मणिकर्णिका घाट पुनर्विकास के दौरान कई प्राचीन छोटे मंदिर, चबूतरे और रिहायशी इमारतें वैसे ही उड़ा दी गईं जैसे गाजा में इजरायल ने उड़ा दीं हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018-2021 के बीच कॉरिडोर परियोजना के तहत 300 से पुराने मंदिर व घरों के भीतर बने मंदिर तक तोड़ दिए गए। मंदिर छोटे थे इसलिए उनके भीतर बने ईश्वर शायद Below Poverty Line के थे, इसलिए न रोक सके। अब मणिकर्णिका घाट का नंबर लग चुका है और प्रसिद्ध प्राचीन व्यापारिक दाल मंडी टूट रही है। अयोध्या में वर्ष, 2022-2024 के बीच कई पुराने मकानों, दुकानों और छोटे मंदिरों को तहस-नहस कर दिया गया। कभी समय मिले तो आस-पास के दुकानदारों व 100 स्क्वायर फीट के बचे घरों में रहने वालों से मुआवजे का सच पूछिएगा।

वह रो देगा। जो मुआवजा मिला उससे एक कमरा ही बन सकता था। तमाम वीडियो यूट्यूब पर हैं देखिए और अपनी भावना के हिसाब से द्रवित होइए या तालियां बजाइए, यह आपका अपना विवेकाधिकार है। एक रिपोर्टों के अनुसार करीब 4 हजार से अधिक दुकानें और घर नष्ट हुए। अयोध्या में राम पथ यानी नगर चौराहा से सहादतगंज बीच के निर्माण करीब 200 साल पुराने थे। उधर, गिद्धों-लोमड़ियों-भेड़ियों की नजर अब काशी द्वार के नाम पर बनारस के पिंडरा ब्लाक पर पड़ गई है। गिद्ध-लोमडियां-भेड़ियां मिलकर अब करीब 15 गांवों को पूरी तरह से खाली करा रहे हैं। इन गांव के सभी लोगों को हटाकर यहां होटल, रेस्तरां, रिजॉर्ट, विदेशों और देश के अन्य राज्यों से आने वालों के लिए ठहरने के अड्डे बनाए जाएंगे। रखो अपनी खसरा-खतौनी, रजिस्ट्री, पुश्तैनी जमीन। जो जूठन मुआवजे के नाम पर है रखो और चलते बनो। प्रभावित सभी गांव के लोग विगत कई महीनों से तहसील पिंडरा पर प्रदर्शन कर रहे थे पर गिद्ध-लोमडियां व भेड़िए सुनने को तैयार नहीं हैं। दिनांक 6 फरवरी, 2026 को चुनौली गांव में संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले एक सभा आयोजित की गई। लोगों ने खाने की व्यवस्था की लेकिन प्रशासन द्वारा खाने में मिट्टी, राख मिलाकर भोजन खराब कर दिया गया। कुछ गांव वालों के अनुसार जहर डाल दिया गया। ऐसा बताया गया और खबरें आईं। सभा वाले दिन की पूर्व रात्रि को पूरे गांव को पुलिस व सीआरपीएफ ने घेर लिया। चुनौती गांव, छावनी में बदल दिया गया। सुरक्षाबलों ने गांव में घुसकर लोगों के साथ बदतमीजी की, रात में सोए हुए लोगों के दरवाजे जबरिया खुलवाए, गुड़ बनाने वाली भट्टियां तोड़ दी गईं और महिलाओं व पुरुषों के साथ गाली-गलौज हुई। अगले दिन जब लोग सभा में जाने के लिए अपने घरों से निकले तो लाठीचार्ज कर दिया गया। सरकार पूंजीपतियों के लिए जमीन की दलाली पर उतर चुकी है। अभी बनारस में ही रहिए आगे का किस्सा पढ़िए- आईडीएच-कज्जाकपुरा, जिला- बनारस, यहां है नगर निगम का आदमपुर जोन का दफ्तर और यहीं है एक विशाल कूड़ाघर।

विशाल डंपिंग यार्ड। इसी कूड़ेघर के पीछे गन्दगी में सफाई कर्मचारियों की वह बस्ती थी जो शहर को साफ रखती थी। यहां 250 से अधिक हेला यानी दलित समुदाय के यह लोग रहते थे। किसी से कोई शिकायत नहीं। शहर को साफ करते और खुद नर्क में रहते थे। वाराणसी नगर निगम ने खुद इस बस्ती को 2005 में दया के आधार पर बसाया था और अब उसी नगर निगम ने इसे अवैध घोषित कर दिया है। बस्ती पर बेदखली का नोटिस चस्पा कर दिया गया और 17 जनवरी 2025 को बुलडोजर न्याय हो गया। तत्कालीन नगर आयुक्त पुष्यपति सक्सेना जी की मानवीय सोच को निपटा दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका

**संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि मूलभूत विज्ञानों के इनपुट के बिना इन लक्ष्यों को पाना संभव नहीं है। खाद्य, ऊर्जा, स्वास्थ्य और संचार जैसी बड़ी चुनौतियों का समाधान मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों की बदौलत ही प्राप्त हो सकेगा। यही नहीं मूलभूत विज्ञानों से पृथ्वी पर निवास कर रही लगभग आठ अरब जनसंख्या के विभिन्न अच्छे-बुरे प्रभावों को समझने और किसी-न-किसी तरीके से समाधान खोजने में सहायता मिलेगी।**

कोरोना वायरस की सूक्ष्म, गहन और संपूर्ण संरचना को समझने और उससे फैली महामारी का सामना करने के लिए टीका बनाने में मूलभूत यानी बेसिक विज्ञान की अहम भूमिका रही है। महत्वाकांक्षी मानव जीनोम परियोजना को पूरा करने में बुनियादी विज्ञानों का बहुत बड़ा हाथ है। आज हम इंटरनेट पर जिस वर्ल्ड वाइड वेब का उपयोग कर रहे हैं। वह मूलभूत विज्ञान की ही देन है। दरअसल यूरोपीय प्रयोगशाला सर्न में बुनियादी भौतिकी प्रयोगों में वैश्विक सहयोग के दौरान इसका आविष्कार हुआ था। अंतरिक्ष जगत में मिली तमाम छोटी-बड़ी सफलताओं का आधार मूलभूत विज्ञानों में दीर्घकालीन अनुसंधान है। साल 2022 को निर्वहनीय विकास के लिए मूलभूत विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके लिए चुनी गई थीम में जिन मुद्दों को सम्मिलित किया गया है, उनमें अंतर्राष्ट्रीय संवाद और शांति के लिए मूलभूत विज्ञानों की भूमिका, विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाना, नवाचार और आर्थिक विकास, वैश्विक चुनौतियों का समाधान और शिक्षा तथा मानव विकास प्रमुख हैं। वर्ष 2022 इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स और इंटरनेशनल मैथेमेटिकल यूनियन (आएमयू) का शताब्दी वर्ष भी है। अत: IYBSSD के माध्यम से विज्ञान जगत में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विस्तार में एक और नया अध्याय जोड़ने में मदद मिलेगी। संस्था की वेबसाइट में बताया गया है कि कोई भी वैज्ञानिक संस्थान और विश्वविद्यालय IYBSSD-2022 के लिए गतिविधियां भेज सकता है। 2017 में माइकल स्पाइरो ने यूनेस्को द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बोर्ड की बैठक में 2022 को



अंतर्राष्ट्रीय मूलभूत विज्ञान वर्ष के रूप में मनाने का विचार रखा था। उन्होंने बैठक में 2005-2015 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाए गए विज्ञान वर्षों का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर विचार मंथन और समीक्षा का विचार भी रखा था। हम लोग वर्ष 2005 में भौतिकी, 2008 में पृथ्वी ग्रह, 2009 में खगोल विज्ञान, 2011 में रसायन विज्ञान, 2014 में क्रिस्टलोग्रॉफी और वर्ष 2015 में प्रकाश एवं प्रकाश आधारित प्रौद्योगिकी थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वर्ष मना चुके हैं। स्पाइरो ने बैठक में एक अहम विचार यह रखा था कि मूलभूत विज्ञानों के सभी विषयों के वैज्ञानिकों को एक साथ लाने की आवश्यकता है, ताकि वैज्ञानिकों के अनुसंधानों का उपयोग टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्यों को पूरा करने में किया जा सकेगा। स्पाइरो फ्रांस के विख्यात भौतिकीविद हैं और पार्टिकल फिजिक्स की सर्न प्रयोगशाला से जुड़े हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्रसंघ की आम सभा के 76 वें सत्र (2 दिसंबर 2021) में साल 2022 को IYBSSD-2022 के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। घोषणा में कहा गया है कि मूलभूत विज्ञान की चिकित्सा, उद्योग, कृषि, जल संसाधन, ऊर्जा नियोजन, पर्यावरण, संचार और संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान, ये चारों विषय मूलभूत विज्ञान के दायरे में आते हैं, जो प्राकृतिक और ब्रह्मांडीय घटनाओं की व्याख्या और गहन समझ बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इतना ही नहीं, इन्हीं विषयों की बदौलत प्राकृतिक संसाधनों के रूपांतरण में भी मदद मिली है। विज्ञान को मोटे तौर पर मूलभूत और प्रयुक्त विज्ञानों में बांटा गया है। मूलभूत विज्ञान की कोख से ही प्रयुक्त विज्ञान का उद्गम होता है। प्रयुक्त विज्ञान में अनुसंधान से प्रौद्योगिकी और नवाचारों का विस्तार हुआ है। समाज में प्रौद्योगिकी की चकाचौंध, वर्चस्व और विस्तार से मूलभूत विज्ञान की उपेक्षा हुई है। बीते दशकों में विश्वविद्यालयों में मूलभूत विज्ञान में विद्यार्थियों की दिलचस्पी घटी है। विज्ञान संस्थानों में समाज और बाजार की जरूरतों पर आधारित अनुसंधान पर जोर है। विश्व के अधिकांश देशों में सरकारों ने मूलभूत विज्ञानों में शोध-बजट में बढ़ोतरी को आवश्यक नहीं समझा है। इसके कारण हैं। पहला, मूलभूत विज्ञानों का समाज से सीधा सरोकार नहीं है। दूसरा, तत्काल लाभ नहीं मिलता। एक और कारण है कि इसकी बाजार को प्रतिस्पर्धी बनाने में भूमिका दिखाई नहीं देती। IYBSSD-2022 एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब आर्थिक और राजनैतिक नेतृत्व और सभी देशों के नागरिकों को इस बात के लिए राजी करने का प्रयास किया जा रहा है कि पृथ्वी ग्रह का संतुलित, टिकाऊ और समावेशी विकास मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों पर निर्भर है।

**...स्रोत फीचर्स**

# गार्टर सांप दोस्तियां करते हैं

**वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है।**



सांपों के बारे में प्राय: माना जाता है कि वे समूह में नहीं रहते वरन अकेले यहां-वहां सरसराते रहते हैं, लेकिन हाल ही में बिहेवियोरल इकॉलॉजी में प्रकाशित अध्ययन इस मान्यता का खंडन करता है और बताता है कि गार्टर सांप Thamnophis butleri समूह बनाते हैं। इस समूह में वे लोग शामिल होते हैं जिनके साथ उनकी मित्रता होती है या जिनका साहचर्य वे पसंद करते हैं। समूह की मुखिया कोई बुजुर्ग मादा होती है जो उस समूह के युवा सांपों का मार्गदर्शन करती है। आम लोगों के अलावा पारिस्थितिकी विज्ञानियों को भी काफी समय तक यही लगता था कि सांप असामाजिक और एकाकी जंतु होते हैं और केवल संभोग और शीतनिद्रा के समय ही साथ आते हैं।

इसका एक कारण यह हो सकता है कि उन पर अध्ययन ही बहुत कम हुए हैं, क्योंकि वे बिलों में या छिपे हुए रहते हैं और उन्हें ढूंढना मुश्किल होता है, लेकिन वर्ष 2020 में, विल्फ्रिड लॉरियर विश्वविद्यालय के व्यवहार पारिस्थितिकीविद मॉर्गन स्किनर और उनके दल ने प्रयोगशाला अध्ययनों में देखा कि कृत्रिम आवासों में रखे गए गार्टर सांप मित्र बनाते हैं, उनके ऐसे साथी होते हैं जिनका साहचर्य वे अन्य की तुलना में अधिक पसंद करते हैं। इसके पहले 2009 में, कनाडा के ओंटारियो परिवहन मंत्रालय ने गार्टर सांपों की सुरक्षा के लिए एक अध्ययन करवाया था। इसमें वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है। यह भी देखा गया कि मादा सांप नर की तुलना में अधिक मिलनसार होती हैं और सबसे अधिक बुजुर्ग मादा सांप दोस्तों के साथ दिखती हैं। इसके अलावा वे ही समूह की मुखिया भी होती हैं, और समूह के युवा सदस्य उनका अनुसरण करते हैं। यह भी देखा गया कि उम्र बढ़ने के साथ नर सांप अधिक असामाजिक होते जाते हैं। यह भी पता चला है कि सांप समान लिंग और हम-उम्र सांपों के साथ भी मेल-जोल रखते हैं।

यानी यह मेलजोल सिर्फ संभोग के उद्देश्य से नहीं होता। इसके अलावा, नर और मादा दोनों में ही यह देखा गया है कि जो भी सांप अधिक सामाजिक था वह अधिक स्वस्थ थाय लगता है कि दोस्तियां करने से उन्हें फायदा होता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि समूह में होने से शिकारियों से बचा जा सकता है, या भोजन और शीतनिद्रा के लिए अच्छे स्थान ढूंढने में मदद मिल सकती है। या यह भी हो सकता है कि दोस्तों के करीब घूमने से उन्हें गर्माहट मिलती हो। अब तक सांप-समाजों में मादाओं का महत्व उपेक्षित था। माना जाता है कि नर संभोग के लिए मादाओं की तलाश में रहते हैं, लेकिन मादाएं बच्चे पैदा करने के अलावा कुछ नहीं करतीं। अध्ययन इसे स्पष्ट रूप से गलत सिद्ध करता है, और बच्चों और युवा सांपों के मार्गदर्शन और सुरक्षा में मादाओं की भूमिका उजागर करता है। यह अध्ययन यह समझने कि दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है कि प्राकृतिक परिस्थितियों में सांपों का समूह कैसे बनता है। स्किनर का मत है कि यदि पारिस्थितिकीविद अपने पूर्व फील्ड नोट्स या अध्ययनों पर दोबारा गौर करेंगे तो सांपों पर ऐसे और भी अध्ययन संभव हो सकेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**



नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह के दौरान उनके साथ केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल।

## मैक्सवेल का संसद की समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी टॉन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहां वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है। जेल के ही बंद कमरे से वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया।

# शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम पीएम!

## कश्मीर मूल की हैं, अमेरिकी यौन अपराधी एपस्टीन फाइल्स विवाद से पीएम स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

**लंदन।** अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादों के कारण ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। अब उनकी अपनी लेबर पार्टी के एक धड़े ने ही इस्तीफे की मांग कर दी है। हालांकि स्टार्मर अभी पद छोड़ने से इन्कार कर रहे हैं। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है।

कश्मीरी मूल की शबाना महमूद पीओ. के के मीरपुर से हैं। वह ब्रिटेन की गृह मंत्री बनने वाली पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। दरअसल, ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद की वजह से पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ आफ स्टाफ मार्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा है। मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने



■ लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं

यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने भी माना है कि यह नियुक्ति गलत थी। अमेरिका में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ पीटर मंडेलसन। मंडेलसन पर आरोप है कि जेफ्री एपस्टीन को बच्चों के यौन शोषण के मामलों में सजा होने के बाद भी मंडेलसन उसके संपर्क में रहे और उसका समर्थन किया। लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि चुनौती देने वाले उम्मीदवार को पार्टी के संसदीय सदस्यों से कम से कम 20 प्रतिशत का समर्थन हासिल करना जरूरी है। यह नियम 2021 में पार्टी कान्फ्रेंस में बदलाव के बाद लागू हुआ था। पहले यह सीमा सिर्फ 10 प्रतिशत थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है ताकि कोई भी आसानी से लीडरशिप चुनौती न दे सके और पार्टी में स्थिरता बनी रहे। अभी लेबर पार्टी के कुल सांसदों की संख्या लगभग 404-405 के आसपास है, इसलिए किसी भी चुनौती को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम 81 लेबर सांसदों का लिखित समर्थन जुटाना पड़ता है। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच होम मिनिल्टर शबाना महमूद को उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। 45 साल की शबाना महमूद पहले न्याय मंत्री और लार्ड चांसलर रह चुकी हैं। बर्मिंघम में पाकिस्तानी माता-पिता के यहां जन्मी शबाना महमूद ने आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है। वह पेशे से बैरिस्टर हैं। 2010 में रुशानारा अली और यास्मिन कुरैशी के साथ वह ब्रिटेन की पहली महिला मुस्लिम सांसदों में शामिल हुईं। लेबर पार्टी में वे कीर स्टार्मर की करीबी सहयोगी मानी जाती हैं और पार्टी के दक्षिणपंथी (राइट-विंग) गुट से जुड़ी हैं। वे इमिग्रेशन (प्रवासन) नीतियों पर काफी सख्त रवैया रखती हैं और कहती हैं कि ब्रिटेन में रहना एक विशेषाधिकार है। 2010 में संसद पहुंचने के कुछ ही महीनों बाद उन्हें पार्टी की अहम जिम्मेदारी दे दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने कब्जे में लिया वेनेज़ुएला से जुड़ा तेल का टैंकर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सैनिक हिन्द महासागर में वेनेज़ुएला से जुड़े एक तेल टैंकर का रात भर पीछा करने के बाद उस पर चढ़ गए। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को यह जानकारी दी। हेगसेथ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि रात भर, अमेरिकी सैन्य बल ने बिना किसी घटना के, 'मुआयने के अधिकार' के तहत समुद्री अवरोध को अंजाम दिया, एक्विला-2 पर चढ़ाई की। यह (जहाज़) भागा, और हमने उसका पीछा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने वेनेज़ुएला से आने-जाने वाले तेल के टैंकरों पर प्रतिबंध लगाया है और यह टैंकर उस प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहा था।

### जापान में हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत, 604 घायल

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भारी हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत हो गई है और 604 लोग घायल हुए हैं। रूस की संवाद समिति स्पूतनिक के अनुसार, देश की अग्नि एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के आंकड़ों के विश्लेषण में यह जानकारी दी गई है। घायलों में से लगभग एक-तिहाई (193 लोग) गंभीर रूप से घायल हैं। मौतों की सबसे अधिक संख्या निगाटा प्रान्त में दर्ज की गई, जहां 17 लोगों की जान चली गई। जापान में 20 जनवरी से जारी हिमपात की ताजा लहर आठ फरवरी को टोक्यो पहुंची।

### रूस के क्रास्नोडार भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरो-मेडिटेरेनियन भूकंप विज्ञान केंद्र (इएमएससी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार नोवोरोस्सिय्स्क के महापौर आंद्रेई क्रावचेंको ने मंगलवार को कहा कि भूकंप के झटके शहर से 30 किलोमीटर (18.6 मील) दूर महसूस किए गए और इससे शहर की अवसंरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# भारत पर रूस से तेल नहीं खरीदने का दबाव: लावरोव

## कहा: अमेरिका एनर्जी सप्लाई कर कंट्रोल चाहता है, ताकि दुनिया के देश उनसे महंगी गैस खरीदें

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत जैसे देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे रूस से सस्ता तेल न खरीदें। लावरोव ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि दुनिया की ऊर्जा सप्लाई उसके कंट्रोल में रहे और देश मजबूर होकर महंगी अमे. रिकी गैस खरीदें। उन्होंने यह बातें 9 फरवरी को डिप्लोमैटिक वर्कर्स डे के मौके पर कहीं। लावरोव ने कहा कि अमे. रिका ने डॉलर को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। रूस की विदेश में रखी संपत्तियों को फीज कर दिया गया है और रूस के खिलाफ लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात तो करती है, लेकिन जो प्रतिबंध पहले लगाए गए थे, वे अब भी जारी हैं। रूस के मुताबिक, यूक्रेन पर सहमति बनने के बाद भी अमेरिका नए प्रतिबंध लगाता रहा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्सदेशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं। रूस की तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर रोक लगाई गई है और रूस के व्यापार और निवेश को सीमित करने की कोशिश हो रही है। ये सब गलत और अनुचित तरीके हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अब तेजी से बदल रही है। पहले अमेरिका पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और पैसों के सिस्टम पर हावी था और डॉलर के जरिए अपनी ताकत दिखाता था, लेकिन अब उसकी पकड़ कमजोर हो रही है। वहीं चीन, भारत और ब्राजील जैसे देश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अफ्रीका के देश भी अब सिर्फ कच्चा माल बेचने के बजाय अपने यहां इंडस्ट्री लगाना चाहते हैं। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता पर लावरोव ने कहा कि भारत जिन मुद्दों को आगे बढ़ा रहा है, वे आज की जरूरतों से जुड़े हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, खाने और ऊर्जा की सुरक्षा, तकनीक और एआई जैसे विषय अहम हैं। उन्होंने बताया कि भारत फरवरी में एआई पर एक बड़ी बैठक करने वाला है, जिसमें रूस भी शामिल होगा। रूस का कहना है कि एआई को लेकर नियम ऐसे होने चाहिए, जिनमें हर देश की आजादी बनी रहे और कोई एक देश बाकी देशों पर हुक्म न चलाए। लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश अपनी पुरानी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। ट्रम्प सरकार के आने के बाद यह और साफ हो गया है कि अमेरिका ऊर्जा के क्षेत्र में पूरी दुनिया पर कंट्रोल चाहता है और अपने मुकाबले वालों को रोकने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इन हालात का असर रूस के दूसरे देशों के साथ रिश्तों पर भी पड़ रहा है। रूस पर तरह-तरह की पाबंदियां लगाई जा रही हैं। खुले समुद्र में रूसी जहाजों को रोका जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। कुछ देशों को रूसी तेल और गैस खरीदने पर टैरिफ भी देना पड़ रहा है। लावरोव ने कहा कि रूस के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि देश सुरक्षित रहे और आगे बढ़ता रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरोप में कुछ नेता खुले तौर पर रूस के खिलाफ युद्ध की बात कर रहे हैं। रूस का कहना है कि उसकी सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि यूक्रेन की जमीन से उसे कोई खतरा न हो और क्रीमिया, डोनबास और नोवोरोसिया में रहने वाले रूसी और रूसी भाषा बोलने वाले लोगों की सुरक्षा उसकी जिम्मेदारी है। ब्रिक्स को लेकर लावरोव ने कहा कि इंडोनेशिया के जुड़ने से यह समूह और मजबूत हुआ है। रूस आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और डब्ल्यूटीओ को खत्म नहीं करना चाहता, लेकिन चाहता है कि तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं को इन संस्थानों में उनका सही हक मिले। पश्चिमी देश इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से रूस और ब्रिक्स देश मिलकर नए रास्ते तलाश रहे हैं। इसमें अपनी-अपनी करेंसी में व्यापार करना, नए पेमेंट सिस्टम बनाना, निवेश के नए तरीके और अनाज के लिए अलग बाजार तैयार करना शामिल है। लावरोव ने साफ किया कि इसका मकसद किसी के खिलाफ जाना नहीं है, बल्कि खुद को एकतरफा दबाव से बचाना है।



■ अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्स देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं: लावरोव

### ईरान से जुड़े मुद्दे का शांतिपूर्ण हल जरूरी: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ईरान के आसपास के हालात को शांति से सुलझाया जाना चाहिए क्योंकि ताकत का इस्तेमाल करने से सिर्फ़ समस्याएं बढ़ेंगी। लावरोव ने मॉस्को में वल्दाई अंतर्राष्ट्रीय चर्चा क्लब के मौके पर हुए मध्य पूर्व सम्मेलन में कहा कि हम ईरान से जुड़ी कार्यवाही पर करीब से नज़र रख रहे हैं। हम ओमान सल्तनत की तरफ से की गई मध्यस्थता की कोशिशों का स्वागत करते हैं। बेशक, हम इस समझ से आगे बढ़ रहे हैं कि यहां शांतिपूर्ण समझौता होना चाहिए। ट्रम्प प्रशासन ने पश्चिमी एशिया में एक लड़ाकू विमान कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और कई युद्धपोत तैनात किए हैं। अमेरिका ने ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए मजबूर करने की कोशिश में उसे लगातार चेतावनी भी भेजी हैं। लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के भविष्य को लेकर परेशान और चिंतित है, और वह ईरान एवं खाड़ी के अरब देशों के लिए सहयोग परिषद के बीच रिश्तों को पूरी तरह से सामान्य करने में दिलचस्पी रखता है। उनकी राय में, ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक रिश्तों की बहाली ने इसके लिए ज़रूरी शर्तें तैयार कर दी हैं।

### ईयू-नाटो के बीच एकजुटता की कमजोरी को दर्शाती है ग्रीनलैंड की स्थिति: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ग्रीनलैंड के आसपास की स्थिति से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोपीय संघ (ईयू) के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि की कमजोरी को उजागर हुआ है। रूसी प्रसारक एनटीवी को दिए साक्षात्कार में लावरोव ने कहा कि यूरोप बिखर गया है। ग्रीनलैंड ने दिखाया है कि नाटो और ईयू दोनों के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि कितनी अस्थिर है। मुझे नहीं पता कि यूरोप क्या करेगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि यह द्वीप अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए।

### भारत और चीन ने संबंधों में सकारात्मक गति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति की मंगलवार को यहां समीक्षा की तथा लोगों के बीच संपर्कों को बढ़ाने तथा संवेदनशील मुद्दों पर लचताओं का समाधान करते हुए इन्हें मजबूत बनाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां भारत-चीन रणनी. तिक संवाद के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। यह वार्ता विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीन के कार्यकारी विदेश उप मंत्री मा झाओश्यू के बीच हुई। यह बातचीत भारत की अध्यक्षता में आयोजित पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक के इतर हुई। मा झाओश्यू ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। प्रवक्ता के अनुसार दोनों पक्षों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों तथा बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने भी अपनी पोस्ट में कहा कि चीनी मंत्री मा झाओश्यू ने पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लिया। उन्होंने लिखा कि मा झाओश्यू ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति शी जिन. पिंग ने व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च-गुणवत्ता वाले विकास की महत्वपूर्ण अवधारणा तथा शांति, नवाचार, हरित विकास, न्याय और लोगों-से-लोगों के बीच घनिष्ठ संपर्क के लिए प्रतिबद्ध ब्रिक्स के निर्माण से संबंधित पांच सहयोगात्मक रूपरेखाएं प्रस्तुत की हैं। इनसे ब्रिक्स तंत्र के भविष्य के विकास की दिशा तय होती है।

## गाजा में फिर गूंजे हवाई हमले, तीन की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी में युद्धविराम के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इजरायल के ताजा हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों ने मौतों की पुष्टि की है। सीजफायर लागू होने के बावजूद हमले और जवाबी कार्रवाई की घटनाएं जारी हैं।

इससे इलाके में शांति प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े हो गए हैं और हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में हुए हमलों के बाद घायलों और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीन लोगों की मौत की जानकारी दी। इजरायली सेना ने कहा कि उसने रफाह शहर में अपने सैनिकों पर फायरिंग के जवाब में कार्रवाई की। सेना के मुताबिक यह युद्धविराम का उल्लंघन था और जवाब में सटीक निशानों पर हमला किया गया। करीब चार महीने पहले अमेरिका समर्थित युद्धविराम समझौता लागू हुआ था। यह समझौता हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को रोकने के लिए बनाया गया था। इस योजना को मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्तावित 20 सूत्रीय ढांचे पर आगे बढ़ाया गया था। समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की अदला-बदली भी हुई। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर झड़पें और सैन्य कार्रवाई पूरी तरह नहीं रुकी। समझौते के शुरुआती चरण में हमास ने अपने पास मौजूद सभी जीवित बंधकों को रिहा किया।

### बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले हिंदू कारोबारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या की गई। सोमवार की रात यह घटना ऐसे समय में हुई, जब दो दिन बाद ही इस दक्षिण एशियाई देश में आम चुनाव के लिए मतदान होना है। घटना मेमेनसिंह जिले में हुई है। इसी जिले में पहले भी दीपू चंद्र दास नाम के एक हिंदू व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई थी। भीड़ ने उसे जीवित जला दिया था। अभी जिनकी हत्या की गई है, उनकी पहचान सुषेन चंद्र सरकार (62 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह धान के व्यापारी थे और डाकिनकांडा गांव में रहते थे। उनकी दुकान 'भाई भाई एंटरप्राइज' बोगर बाजार के चौराहे पर थी। पुलिस के अनुसार, हत्या रात 11 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने सुषेन चंद्र सरकार पर तेज हथियार से हमला किया।

# अमेरिका ने बांग्लादेश को दी बड़ी राहत

## व्यापार समझौते के तहत टैरिफ घटकर हुआ 19 प्रतिशत, आरएमजी सेक्टर को फायदा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और बंगलादेश के बीच एक पारस्परिक व्यापार समझौता हुआ है, जो बंगलादेशी वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा और कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों पर छूट प्रदान करेगा और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने बताया कि यह समझौता एक ऐसा तंत्र स्थापित करेगा जिसके तहत बंगलादेश के कुछ कपड़ों और परिधान एवं उत्पादों को शून्य पारस्परिक आयात शुल्क प्रदान किया जाएगा।

इसके तहत अमेरिकी मूल की सामग्रियों का उपयोग करके बनाए गए 'कुछ कपड़ा और परिधान उत्पादों के लिए भी छूट' दिया गया है। पात्रा आयात की मात्रा का निर्धारण बंगलादेश द्वारा उपयोग किए गए कपास और मानव निर्मित फाइबर के साथ-साथ अमेरिकी सामग्री के इस्तेमाल के आधार पर किया जाएगा। व्हाइट हाउस के बयान में बताया गया है कि बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 15 वर्षों में लगभग 15 अरब डॉलर ऊर्जा उत्पादों की भी खरीददारी बंगलादेश द्वारा की जाएगी। साथ ही इसमें अमेरिकी विमानों के खरीद का भी उल्लेख किया गया है। यह समझौता 2013 में हस्ताक्षरित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार और निवेश सहयोग मंच समझौते (टीआईसीएफए) पर आधारित है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक-दूसरे के बाजारों तक 'अभूतपूर्व पहुंच' के रूप में वर्णित किया है। अमेरिका और बंगलादेश ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य 'द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को गहरा करना' और दोनों देशों के निर्यातकों के लिए 'बाजार पहुंच का विस्तार करना' है। सौदे के तहत, बंगलादेश, अमेरिकी औद्योगिक और कृषि सामानों के लिए 'महत्वपूर्ण तरजीही बाजार पहुंच' प्रदान करेगा, जिसमें रसायन, चिकित्सा उपकरण, मशीनरी, मोटर वाहन और पुर्जे, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उपकरण, ऊर्जा उत्पाद, सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, गोमांस, पोल्ट्री, ट्री नट्स और फल शामिल हैं। दोनों देशों ने 'द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं' को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें बंगलादेश, अमेरिकी वाहन सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों को स्वीकार करने, चिकित्सा उपकरणों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) प्रमाणपत्रों को मान्यता देने और अमेरिकी पुनर्मानिर्मित वस्तुओं और पुर्जों पर प्रतिबंध हटाने के लिए सहमत हुआ है। बंगलादेश ने 'विश्वसनीय सीमाओं के पार डेटा के मुफ्त हस्तांतरण' की अनुमति देने और विश्व व्यापार संगठन में इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण पर सीमा शुल्क पर स्थाई रोक का समर्थन करने पर भी सहमति जताई है।

■ बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं

# ओमान जाएंगे ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी लारीजानी

## अमेरिका से टकराव के बीच अहम बैठक

**दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में परमाणु समझौते पर पहले दौर पर बैठक बेनतीजा रही। हालांकि दोनों ही देशों ने इस वार्ता को सकारात्मक बताया। आने वाले दिनों में फिर से वार्ता की जाएगी।

इससे पहले ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ओमान की राजधानी मस्कट पहुंच रहे हैं। यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है और ओमान लगातार मध्यस्था कर रहा है। इस बीच इजरायल ने भी ईरान को खुली चेतावनी दी है कि वह बिना अमे. रिकी मदद के भी तेहरान पर हमला कर सकता है। बता दें कि इस हफ्ते इजरायली पीएम नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात करने वाले हैं। इस बीच ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिक. ारी अली लारीजानी के ओमान दौरे पर सबकी नजर हैं। दरअसल, ओमान ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत में मध्यस्था की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में ईरान की संसद के पूर्व अध्यक्ष और अब देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी और ओमान के सुल्तान हैथम से मुलाकात करेंगे। राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने वार्ता को अहम बताया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि लारीजानी क्या संदेश लेकर ओमान जा रहे हैं। बता दें कि ईरान और अमेरिका ने पिछले सप्ताह ओमान में परमाणु वार्ता की। रविवार को तेहरान में आयोजित शिखर सम्मेलन में राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने की अपनी शर्त पर अडिग रहेगा। यह मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ विवाद का प्रमुख विषय है। इससे पहले तेहरान में एक प्रेस कान्फ्रेंस में ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने बताया था कि परमाणु वार्ता के अगले दौर की तारीख और स्थान ओमान के साथ विचार-विमर्श के बाद तय होगा।



■ राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे

### ट्रम्प ने अमेरिका-कनाडा पुल के उद्घाटन को रोकने की धमकी दी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले एक पुल के उद्घाटन को तब तक रोकने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमे. रिका को 'पूर्ण मुआवजा' नहीं मिल जाता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने पर अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाला 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा कि अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर